


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 257 | ग्वालियर, सोमवार 21 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### यौन उत्पीड़न मामले में अनुराग कश्यप के खिलाफ कल एफआईआर दर्ज करवाएंगी पायल घोष



**नई दिल्ली।** पायल घोष ने हाल ही में अनुराग कश्यप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। पायल ने ट्वीट किया था कि अनुराग कश्यप ने मेरे साथ जबरदस्ती की और बहुत बुरा बर्ताव किया है। अनुराग पर आरोप लगाने के बाद अब पायल डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाली हैं। पायल के वकील नितिन का कहना है, हम ओशिवारा पुलिस स्टेशन में सोमवार को शिकायत दर्ज कराएंगे। आज हमने पेपर वर्क किया है। पायल ने फैसला ले लिया है कि वह अब अनुराग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगी। पायल ने ट्वीट के बाद इस मामले की पूरी कहानी बताई है। पायल ने कहा, पहले मैं अपने मैनेजर के साथ अनुराग से मिली। फिर मैं उनके घर में मिली। उन्होंने मुझसे बहुत अच्छे से बात की थी। उनका बिहेवियर देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा था लेकिन जब दूसरे दिन उन्होंने अपने घर बुलाया तो चीजें ठीक नहीं हुई मेरे साथ। इसी बारे में मैने बात की। पायल ने आगे बताया, उन्होंने मुझे अन्कम्फर्टेबल महसूस कराया। जो भी हुआ था, मुझे बुरा लगा वैसा होना नहीं चाहिए क्योंकि ना तो मैं उनके साथ काम कर रही थी, ना ही उनसे कोई जान पहचान थी और ना ही हम दोस्त थे। अगर कोई आपके पास काम के लिए आया है तो इसका मतलब ये नहीं होता कि हर कोई उन सब चीजों के लिए तैयार है। उन्होंने मुझे असहज महसूस कराया।

**अनुराग ने दी सफाई**–अनुराग ने इस मामले पर अपनी सफाई देते हुए कई ट्वीट किए। उन्होंने लिखा, इतना समय ले लिया मुझे चुप करवाने की कोशिश में। चलो कोई नहीं। मुझे चुप कराते-कराते इतना झूठ बोल गए की औरत होते हुए दूसरी औरतों को भी संग घसीट लिया। थोड़ी तो मर्यादा रखिए मैडम। बस यही कहूंगा की जो भी आरोप हैं आपके सब बेबुनियाद हैं। बाकी मुझपर आरोप लगाते-लगाते, मेरे कलाकारों और बच्चन परिवार को संग में घसीटना तो मतलब नहले पे चौका भी नहीं मार पाए।

### वित्त मंत्रालय का अनुमान, वर्ष 2022 में 19 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी जीडीपी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की नॉमिनल जीडीपी 19 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ेगी। नॉमिनल जीडीपी एक आकलन है जिसमें एक वर्ष में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की गणना बाजार मूल्यों पर की जाती है तो जो वैल्यू निकलती है उसे नॉमिनल जीडीपी कहते हैं। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने मिंट को बताया कि इसको लेकर कई अनुमान है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने अपने प्रजेंटेशन में कहा है कि यह 19 फीसदी जा सकती है, जबकि कुछ ने यह भी कहा है कि यह बढ़कर 21 फीसदी भी पहुंच सकती है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 22.6 प्रतिशत गिरकर 38.08 लाख करोड़ रुपए हो गई है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 49.18 लाख करोड़ रुपए थी। मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सब्रमण्यन ने कहा है कि कोरोना महामारी के कारण हुई गिरावट के बावजूद कई सेक्टर पहली तुलना में रिकवरी के रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि जब जब आप कुछ सुधारों को ध्यान में रखते हुए, जो कृषि की तरफ, श्रम पर, निजीकरण पर किए जाते हैं, तो वे सभी मिलकर अर्थव्यवस्था में उत्पादकता बढ़ाएंगे और विकास में मदद करेंगे। वहीं, मूडीज ने कहा, अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली में गहरे दबाव से देश की वित्तीय मजबूती में और गिरावट आ सकती है। इससे साख पर दबाव और बढ़ सकता है। मूडीज ने कहा कि उसका अनुमान है कि 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 11.5 फीसद की गिरावट आएगी। मूडीज ने कहा है कि हालांकि अगले वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 10.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज करेगी।

## भारत-चीन के बीच कब खत्म होगा तनाव? मोल्डो में कोर कमांडर स्तर की बातचीत कल

**लेह।** पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन में चार महीनों से भी ज्यादा समय से जारी सीमा गतिरोध के बीच एक बार फिर से दोनों पक्षों में बातचीत होने जा रही है। दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की वार्ता सोमवार को एलएसी के मोल्डो में होगी। इससे पहले सभी वार्ताओं में भारत-चीन तनाव को कम करने पर बात करते आए हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई को सरकारी सूत्रों ने बताया, भारत और चीन के बीच सोमवार को कोर कमांडर स्तर की वार्ता पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के चीन वाले हिस्से मोल्डो में होगी। इससे पहले दोनों पक्षों में पांच बार कोर कमांडर स्तर की वार्ताएं हो चुकी हैं और सोमवार को छठे दौर की वार्ता होगी।

पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून को चीनी सैनिकों के साथ झड़प में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव काफी



बढ़ चुका है। इस झड़प में चीनी पक्ष के जवान भी मारे गए थे लेकिन चीन ने इस बारे में और अधिक जानकारी जाहिर नहीं की थी। इससे पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के बीच शुक्रवार को हाई लेवल बैठक हुई थी, जिसमें चीन के साथ वार्ता के दौरान उठाए जाने वाले एजेंडे और मुद्दों पर चर्चा की गई। एलएसी पर तनातनी और वॉर की आशंका के मद्देनजर भारतीय सेना के हौसले पूरी तरह से बुलंद है। दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना जम्मू-कश्मीर से लेकर लद्दाख तक पूरी तरह तैयार है। वहीं, सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे राज्य की सुरक्षा स्थिति और सुरक्षा बलों के ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को श्रीनगर और जम्मू कश्मीर के दौरे पर पहुंचे थे। वहीं, पिछले तीन हफ्तों में चीन को भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया है। सेना ने पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छह नई अहम चोटियों पर अपना कब्जा जमा लिया है। इससे पड़ोसी देश को झटका लगते हुए भारत को बढ़त हासिल हो गई है। सरकार के शीर्ष सूत्रों ने बताया कि 29 अगस्त से लेकर सितंबर महीने के दूसरे हफ्ते तक भारतीय सेना ने छह नई चोटियों पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा, हमारे जवानों द्वारा कब्जे में ली गई चोटियों के नाम हैं, द मागर हिल, गुरुंग हिल, रेचेन ला, मोखपारी और फिंगर 4 के पास की प्रमुख चोटी शामिल हैं।

## क्या यूपी में आज से खुलेंगे कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 21 सितम्बर से स्कूल-कॉलेज नहीं खुलेंगे। केन्द्रीय गाइडलाइन के मुताबिक कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल-कॉलेज 21 सितम्बर से खुलने थे। मगर राज्य सरकार ने फैसला किया है कि यूपी के हालात अभी ऐसे नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेज खोले जाएं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्कूल खोलना संभव नहीं है, इसलिए यह फैसला लेना पड़ा है।

**परिषदीय स्कूल में आएंगे शिक्षक**– परिषदीय स्कूलों के अभिभावकों के लिए यह स्कूल खुल जाएंगे। ऐसे बच्चे जिनके पास ऑनलाइन पढ़ाई के कोई संसाधन नहीं हैं उनके अभिभावकों को सप्ताह में अपने बच्चों का होमवर्क लेने के लिए स्कूल आ सकते हैं। घर में जो भी पढ़ा लिखा हो जैसे माता-पिता, चाचा-चाची, भाई-बहन वह स्कूल जा सकते हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन यादव ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को मिशन प्रेरणा की ई-पाठशाला के द्वितीय चरण का जो शेड्यूल भेजा है उसमें बच्चों के स्थान



पर अभिभावकों के माध्यम से शिक्षण सामग्री भेजने, होमवर्क कराने और इसे पूरा कराकर स्कूल लाने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

**हर घंटे स्कूल आएंगे 10 अभिभावक**–आदेश के अनुसार विशेषकर ऐसे बच्चे जिनके अभिभावक व्हॉट्सएप से नहीं जुड़े हैं, उन परिवारों में पढ़े-लिखे सदस्यों को सप्ताह में एक दिन विद्यालय बुलाया जाएगा। उन्हें पूरे सप्ताह की शैक्षिक कार्ययोजना व कोर्स के बारे में जानकारी दे दी जाएगी। सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड 19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए हर घंटे 10 अभिभावकों को बुलाया जा सकता है। शिक्षकों से कहा गया है कि जब अभिभावक स्कूल आएं तो उन्हें हर वह बात समझाने का प्रयास करें जिससे बच्चों की पढ़ाई हो सके और वे होमवर्क पूरा कर सकें।

**हर दिन होगी समीक्षा** –खंड शिक्षा अधिकारी, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी), शिक्षक संकुल आदि के स्तर से हर दिन स्कूलों की समीक्षा की जाएगी। सप्ताह में एक बार ऑनलाइन समीक्षा बैठक होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि आदेश का पूरी तरह पालन कराया जाएगा। जो निर्देश पहले से मिले हैं, उसी के अनुसार शैक्षिक व्यवस्था चल रही है।



## राज्यसभा में हंगामे पर राजनाथ सिंह का विपक्ष पर करारा वार

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में हंगामे के बीच रविवार को पारित करवाए गए किसानों से संबंधित दो बिलों पर कई मंत्रियों समेत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। सदन में विपक्ष के हंगामे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां तक मुझे पता है, लोकसभा या राज्यसभा के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। राज्यसभा में ऐसा होना और भी बड़ा मामला है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अफवाहों के आधार पर किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जो सदन में हुआ, वह उसकी गरिमा के खिलाफ था। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने खुद को किसान बताते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य सिस्टम के जारी रहने का भी भरोसा दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज राज्यसभा में जो हुआ वह दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक था। सदन में चर्चा की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी होती है, लेकिन विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह अनुशासन बनाए रखे। विपक्ष द्वारा उपसभापति हरिवंश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने पर रक्षा मंत्री ने कहा कि चेयरमैन को नोटिस दिया गया है और वे ही फैसला लेंगे। मैं उसपर कोई भी राजनैतिक टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रक्षा मंत्री ने कहा, मैं भी एक किसान हूं और मैं देश के किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) और एपीएमसी सिस्टम समाप्त नहीं होने जा रहा है। वहीं, इन बिलों के खिलाफ मोदी सरकार से इस्तीफा देने वालीं शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) की सांसद हरसिमरत कौर पर पूछे गए एक सवाल पर सिंह ने कहा कि हर फैसले के पीछे राजनैतिक वजह होती हैं। मैं उनके इस फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं।

### भारी हंगामे के बीच दो कृषि विधेयक पारित

विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा ने रविवार को दो प्रमुख कृषि विधेयकों को पारित कर दिया। हंगामे के दौरान विपक्षी सदस्यों ने उपसभापति के आसन की ओर रुख करते हुए उनकी ओर नियम पुस्तिका को उछाला, सरकारी कागजातों को फाड़ डाला और मत विभाजन की अपनी मांग को लेकर उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। उच्च सदन में हुए हंगामे के कारण थोड़े समय के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सरकार ये विधेयक लोकसभा में पहले ही पारित कर चुकी है। इस प्रकार इन विधेयकों को संसद की मंजूरी मिल गई है जिन्हेंअब राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जायेगा।

## ढूंढ-ढूंढकर ढेर कर रही है सेना, बचने को अब जमीन के नीचे छिप रहे आतंकी

**कश्मीर।** कश्मीर घाटी में आतंकवादियों का ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में छिपना या स्थानीय घरों में शरण लेना बीते दिनों की बात हो गई है। सेना व सुरक्षाबलों से बचने के लिए वे अब घने बगीचों में अंडरग्राउंड बंकर बनाते हैं और यहां तक कि मौसमी नदियों में बंकर खोदकर रहते हैं। सेना की आतंकवाद रोधी इकाई 44 राष्ट्रीय राइफल्स की कमान संभाल रहे कर्नल ए.के. सिंह कहते हैं, यह प्रवृत्ति हाल में पुलवामा और शोपियां जिलों में देखने को मिली है तथा शोपियां में इनकी संख्या ज्यादा है क्योंकि वहां सेब के घने बगीचे और जंगल हैं। सेना की इस इकाई ने अधिकतम आतंकवादियों को मारा, पकड़ा या उनका सरेंडर कराया है। पीटीआई-भाषा से 44-राष्ट्रीय राइफल्स के बेहद पुख्ता सुरक्षा वाले मुख्यालय से बात करते हुए कर्नल सिंह और उनके दल को स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए उनसे मिलते-जुलते देखा जा सकता है। इस बातचीत के दौरान करियर संबंधी सुझाव देने से लेकर शिक्षा संबंधी उनकी बातों को सुनना शामिल रहता है। आतंकवादियों पर अंकुश लगाने के मामले में भी वे काफी आगे हैं। अब तक उन्होंने 47 आतंकवादियों को मार गिराया है और सात को हिरासत में लिया है या उनका सरेंडर कराया है। शोपियां के दो और पुलवामा जिले के तीन इलाकों की निगरानी करने



वाले कर्नल सिंह और उनके दल के लिए अंडरग्राउंड बंकरों के मिलने के बाद स्थिति आसान नहीं थी क्योंकि यहां बिना सुरक्षा बलों की नजर में आए आतंकवादी कई दिनों तक छिपे रह सकते हैं। इन दोनों ही इलाकों को आतंकवादियों के गढ़ के तौर पर देखा जाता है। जल-स्तर के उतार-चढ़ाव और अचानक आने वाली बाढ़ से प्रभावित रहने के लिए चर्चित इलाके रामबी अरा के मध्य में कोई बंकर मिलना सुरक्षाबलों के लिए किसी अचरज से कम नहीं था और इसने कर्नल सिंह तथा उनकी टीम को नए सिरे से अपनी योजना पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, आतंकवादी रामबी अरा के बीच में लोहे के बने बंकर के अंदर छिपे हुए थे। सतर्क जवानों ने तेल के एक ड्रम का ढक्कन खुला देखा जिसका इस्तेमाल आतंकवादी बंकर में आने-जाने के रास्ते के तौर पर करते थे। अधिकारी ने कहा, यह संदेहजनक था और इसके बाद वहां गुपचुप तरीके से नजर रखी जाने लगी। हमें यह देखकर बेहद हैरानी हुई कि नदी के बीच से आतंकवादी निकल रहे हैं, जो आम तौर पर बारिश के मौसम में ही पानी से भरी रहती है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिद्दीन के पांच आतंकवादियों को इस साल के शुरू में हमला कर मार गिराया। हालांकि सेना के लिए इन आतंकवादियों के मारे जाने से ज्यादा चिंता की बात यह थी कि आतंकवादी अंडरग्राउंड बंकरों को बनाने और उनमें रहने में सक्षम हैं।

### महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 20598 नए मामले सामने आए, 455 मरीजों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 20598 नए मामले सामने आए, जिसके साथ ही राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 1208642 पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में कोविड-19 के 455 मरीजों की मौत के बाद इस घातक वायरस के कारण राज्य में अब तक जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 32671 हो गई। इन 455 नई मौतों में से 238 मौतें पिछले 48 घंटों में हुई थी। वहीं, रविवार को 26408 लोगों को ठीक होने के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। राज्य में अब तक 884341 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। राज्य में फिलहाल 291238 मरीज उपचाराधीन हैं। मुंबई शहर में रविवार को संक्रमण के 2209 नए मरीज मिलने के बाद आंकड़ा 184439 पहुंच गया जबकि 44 और मरीजों की मौत के साथ ही मृतक संख्या बढ़कर 8469 हो गई। वहीं मुंबई महागर क्षेत्र में संक्रमण के 5209 नए मामले सामने आने के बाद आंकड़ा 435201 पहुंच गया। मुंबई शहर इसी क्षेत्र में आता है। एक दिन में 99 मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 14780 हो गई। पुणे शहर में संक्रमण से 1774, नागपुर शहर में 1612 और औरंगाबाद में 397 नए मामले सामने आए। राज्य में संक्रमण से ठीक होने की दर 73.17 प्रतिशत जबकि मृत्यु दर 2.7 प्रतिशत है। राज्य में अब तक 5872241 कोविड-19 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

## जब तक कोरोना वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक कैसे हो बचाव? स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बताया

नई दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को कहा कि देश में कोरोना वैक्सीन के निर्माण का काम प्रगति पर है लेकिन जब तक यह नहीं आ जाती है, तब तक दो गज दूरी सहित सोशल डिस्टेंसिंग ही वैक्सीन है। लोकसभा में नियम-193 के तहत कोविड-19 वैश्विक महामारी पर हुई चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि दुनिया में कोविड-19 रोधी 145 टीका प्री क्लिनिकल के स्तर पर हैं और इसमें से 35 का क्लिनिकल ट्रायल चल रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत में 30 वैक्सीन के लिए समर्थन दिया गया है जो विकास के विभिन्न स्तरों पर हैं। इसमें से 3 वैक्सीन ट्रायल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में हैं। चार टीके प्री क्लिनिकल मूल्यांकन के उन्नत चरण में हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, टीके के विकास का काम प्रगति पर है लेकिन जब तक यह नहीं आता है तब तक दो गज दूरी सहित सोशल डिस्टेंसिंग ही टीका है। हर्षवर्धन ने कहा कि वायरस के शोध की दिशा में 2000 से ज्यादा वायरसों की जीनोम श्रृंखला तैयार की गई है। इसके अलावा 40 हजार वायरसों के नमूनों का निक्षेपागार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 110 प्रौद्योगिकी स्टार्टअप



को समर्थन दिया गया है। हर्षवर्धन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लॉकडाउन लगाने के सरकार के साहसिक फैसले को लागू करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोगों द्वारा जनता कर्फ्यू का पालन करना इस बात का प्रमाण है कि भारत इस महामारी के खिलाफ मिलकर खड़ा रहा। उन्होंने कहा, एक समय था जब पीपीई किट का स्वदेशी उत्पादन नहीं हो रहा था। आज इस दिशा में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन 10 लाख से ज्याद किट रोज बनाने की क्षमता हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लॉकडाउन की अवधि का ठीक से उपयोग किया गया है और इस दौरान राज्यों को समर्थन भी दिया गया। उन्होंने कहा कि 17 हजार समर्पित कोविड केंद्र बनाएं गए, 1773 कोविड जांच केंद्र बन गए। हर्षवर्धन ने कहा कि देश में 6.37 करोड़ कोविड-19 जांच हो चुके हैं। आज भी 12 लाख टेस्ट हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तरीके से इस स्थिति से निपटने का काम किया गया और इसके तहत आवश्यक वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की गई। 64 लाख मजदूरों को श्रमिक एक्सप्रेस, बसों आदि से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। 12 लाख से अधिक लोगों को वंदे भारत अभियान के तहत विदेशों से लाया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके अलावा राज्यों की भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं अन्य योजनाओं के तहत मदद की गई।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

पीड़ित परिवार ने सैकड़ों ग्राम वासियों के साथ नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष

# भाजपा नेता मुकेश दीक्षित के नेतृत्व में सौंपा पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह जी को ज्ञापन

**अनिल पाराशर**

**भिंड /** ग्राम इंदुर्खी के सैकड़ों ग्रामवासियों ने पीड़ित परिवार के साथ एक जुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचकर एक शिकायती ज्ञापन पत्र भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित के नेतृत्व में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मनोज सिंह को सौपा गया,उक्त ज्ञापन में

### पीड़ित परिवार की वेटी की हत्या करने बालों के खिलाफ शीघ्र हो मामला दर्ज

पीड़ित परिवार के मुखिया रमेश बाथम ने बताया कि उनकी पुत्री सरस्वती की शादी ढाई बर्ष पहले ग्राम गहेली के निवासी गंगा राम बाथम के लड़के विक्की बाथम के साथ 29 अप्रेल 2018 हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई थी, वेटी की शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ माह बाद सरस्वती के ससुराल पक्ष बाले लोग दहेज के लालच में वेटी सरस्वती को मारपीट प्रताड़ित करने लगे,तथा ओर दहेज की मांग करने लगे,उन्होंने आगे बताया उनकी बेटी के ससुराल पक्ष वालों द्वारा निरंतर बेटी को प्रताड़ित मारपीट किया गया ,उन्होंने आगे बताया कि बेटी के ससुराल पक्ष को दो बार मुझ प्रार्थी द्वारा दहेज भी दिया गया लेकिन उसके बावजूद भी उन लोगों द्वारा बेटी को



जलाकर मार दिया गया, रमेश बाथम ने आगे बताया कि अपनी बेटी की सलामती के लिए उन्होंने अपनी जमीन को भी बिक्री कर दो बार एक एक लाख रूपये बेटी के ससुराल पक्ष को दिया गया था उन्होंने आगे बताया कि बेटी के मरणोपरांत उनके द्वारा थाना अमायन पुलिस को जाकर शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन थाना अमायन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसको लेकर आज भिंड पुलिस अधीक्षक महोदय को सैकड़ों ग्राम वासियों के साथ रमेश बाथम ने अपनी बेटी के हत्यारों को सजा दिलवाने को लेकर एक शिकायती ज्ञापन पत्र भाजपा नेता भारतीय नमो संघ के प्रदेस अध्यक्ष मुकेश दीक्षित के नेतृत्व में श्री मान भिंड पुलिस अधीक्षक श्री मनोज सिंह को सौपा गया,इस अवसर पर भाजपा नेता नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए और जिस प्रकार दहेज के लालच में रमेश बाथम की वेटी सरस्वती देवी को उसके ससुराल पक्ष बालो ने जलाकर मार डाला ऐसे दहेज लोभियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए, और दहेज एक्ट के साथ हत्या का मामला शीघ्र पुलिस प्रशासन दर्ज करे,उन्होंने आगे कहा कि पीड़ित परिवार के द्वारा अपनी वेटी को न्याय दिलाने को लेकर एक एक शिकायती आवेदक मुख्यमंत्री महोदय, डी जी पी महोदय, एवम गृहमंत्री महोदय को भेजा गया है मुकेश दीक्षित ने आगे कहा कि अगर तीन दिन के अंदर सरस्वती देवी की जलाकर हत्या करने बालो के खिलाफ दहेज एक्ट हत्या का मामला पुलिस प्रशासन दर्ज करे ,अगर नही किया गया तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा,इस अवसर समाजसेवी दीपक तिवारी, मंगल सिंह, राकेश बाथम, देवीदयाल बाथम, कल्याण कुशवाह, नीरज उपाध्याय, नमो संघ उपाध्यक्ष हिरदेश सोनी, हरीराम बाथम, गुलजार सिंह,कडोरे बाथम, सूरज सिंह,वीर सिंह, करू, सहित सेकड़ो ग्राम इंदुर्खी बासी मौजूद रहे ।



# श्योपुर जिले की दांतरदा और जैनी ग्रामपंचायत में पोषण सरकार कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

**श्योपुर /** पोषण सरकार कार्यक्रम का शुभारंभ का लाइव प्रसारण श्योपुर जिले के दांतरदा ग्राम में दिखाया गया। जिसमें दांतरदा की कार्य योजना का अनुमोदन ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्री मती भावना भावे एवम् सह प्रभारी श्री मती हेमलता शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा पोषड संकल्प भी लिया गया।इसके साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं कु. हिमांशी शर्मा पुत्री श्री महेश शर्मा,कुमारी आरुषि पुत्री श्री धर्मराज, कुमारी दिव्या पुत्री श्री गोविंद को प्रमाड पत्र वितरित किए गए एवम् अतिकम वजन वाले बच्चे कुमारी आरुषि पुत्री रामदयाल,मानवी पुत्री संतोष एवम् लक्ष्मी पुत्री चायाना को दुग्ध पाउडर और सहजन का पोधा वितरित किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा आगनवाड़ी केंद्र पर सहजन का पोधा लगाया गया।इसी प्रकार इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जैनी में भी कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती साधना राठौड सुपर वाईजर द्वारा करवाया गया। ग्राम पंचायत जैनी में जैनी सरपंच द्वारा फलो का वितरण भी किया गया और बालिका कुमारी अनुष्का पुत्री हनुमान,श्रृष्टि पुत्री दीन बन्धु को लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र एवम् अति कम वजन वाले बालक हनुमान पुत्र पुरषोत्तम को दुग्ध पाउडर और सहजन का पोधा दिया गया आगनवाड़ी केंद्रों पर रेडी टू ईट पोषड़ आहार का वितरण भी किया गया।

## आशीष शर्मा उर्फ एपीएस दादा को सोनिया गांधी बिग्रेड ऑल इंडिया कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

**अरुण शुक्ला ब्यूरो चीफ**

**भिंड /अटेर /** सोनिया गांधी बीग्रेडऑल इंडिया कॉन्ग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर लोकपाल सिंह ने आशीष शर्मा उर्फ ए पीएस दादा को उनके सामाजिक कार्य एवं उनके नाम को देखते हुए महात्मा गांधी वादी विचारधारा को देखते हुए



इपीएफ दद्दा को सोनिया गांधी ब्रिगेड ऑल इंडिया कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है इस अवसर पर कांग्रेस की काफी लोग एवं अटेर की जनता ने हर्ष व्यक्त किया है ए पी एस दद्दा का कॉन्ग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी जोड़-तोड़ से उनका स्वागत किया है इपीएफ दद्दा ने भिंड अटेर गोहद मेहगांव व लहार मैं मीटिंग लेना शुरू कर दिया है अटेर की जनता मैं बहुत हर्ष व्यक्त है अब एक नया चेहरा आया है जो कि अटेर मैं युवाओं में जोश भर देगा काफी संख्या में युवा वर्ग उनसे जुड़ रहे हैं एवं उनसे उम्मीद भी बनाई हुई है अगर कांग्रेस ऐसे चेहरों को मौका देती रहेगी तो हो सकता है कांग्रेस द्वारा खड़ी हो जाएगी पुष्पांजलि टुडे के चीफ ब्यूरो अरुण शुक्ला से आज मुलाकात में कहां है कि लोग महात्मा गांधी के सिद्धांतों से भाग चुके हैं या भूल चुके हमें अभी आजादी जो मिली है अधूरी है हमें आर्थिक आजादी चाहिए हमें जय जवान जय किसान पर चलना चाहिए क्योंकि मैं भी एक जवान और मिलिट्री मैन रहा हूं मैंने भी फौज में नौकरी की है मैंने अपने पद से इस्तीफा दे कार जनता की सेवा में आया हु मे देश की वअपने लोगों की रक्षा कर रहा था लेकिन अंदर बहुत नाजुक स्थिति जनता की है उसको हमें सुधारना है और नई पीढ़ी को महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए आगे बढ़ना है अगर महात्मा गांधी सिद्धांतों पर चले तो देश मजबूत होगा हमें सोनिया गांधी के हाथ मजबूत करना है अगर मुझे विधानसभा में मौका दिया गया तो हम विधानसभा मैं भी जनता की आवाज एवं विपक्ष को मजबूत कर लूंगा

# नगरपरिषद ग्राउंड में किया गया प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि बितरण लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

**मुंगावली** नगर परिषद ग्राउंड में प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि वितरण लाईव प्रसारण कार्येक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगरीय -प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह व पी.एच. ई. मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहे जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह दांगी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज मुंगावली के किसान भाइयों के खाते में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 11करोड़ 70 लाख की राशि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है एवं नगर परिषद मुंगावली को 500 नये आवास, आवास योजना के तहत स्वीकृत किये गए हैं तथा जिनके नामांतरण नहीं हुए हैं उनके तीन दिन के अंदर नामांतरण करने तहसीलदार को निर्देश दिए तो वहीं नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट बेन्डर योजना के तहत पथ बिक्रेताओं के 584 आवेदन स्वीकृत किये गए हैं और जो रह गए हैं वो नगर परिषद में आवेदन करें उनके खाते में 8 के अंदर राशि डलवाने के लिए नगरपरिषद सी.एम. ओ. को निर्देश दिए हैं एवं नवीन बस स्टैंड बनाने के लिए 6करोड़ 50 लाख की राशि की स्वीकृति कर नगर परिषद के खाते में डाल दी गयी है इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह दांगी, बीना विधायक महेश राय व अधिकारी -कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक, किसानगण एवं पत्रकारगण मौजूद रहे. !





## राज्य मंत्री गिर्राज डण्डौतिया ने किया सिकरोडी गांव में रोड का भूमि पूजन...

**रिपोर्टर राधा तोमर**

**दिमनी।** बिधान सभा के सिकरोडी गॉव मे आज दो किलो मीटर रोड का भूमि पूजन राज्यमंत्री गिर्राज दण्डौतिया के द्वारा किया गया जिसमे क्षैत्र की जनता ने बढ चढ के भाग लिया जिसकी लागत तैंतीस लाख के लगभग है जो कि सिकरोडी से गढिया तक मनरैगा द्वारा बनाई जाबेगी जिससे कई गॉवो को आबागमन की सुबिधा मिलेगी इस भूमि पूजन में शामिल सिकरौडी सरपंच मीराबाई रामरतन उप सरपंच अमित तोमर राकेश सिह सहायक सचिव राजवीर सिह सरपंच खडिया बेहड राधारानी राकेश जनपद सचिव रामसिंह कुशबाह सरपंच बाबरी पुरा मीरा ब्रजेश गोस्वामी समाज सेवी मुन्ना सिह गुर्जर,रामनिबाश गुर्जर भानसिह गुर्जर रामगोविन्द शर्मा किशुन दत्त शर्मा रघुनाथ राकेश कप्तान केशब आदि मौजूद रहे।

## गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने 1 करोड़ 78 लाख की लागत के आवास भवनों का किया लोकार्पण

दतिया। मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को कृषि उपज मंड़ी समिति के प्रांगण में एक करोड़ 78 लाख की लागत से अधिकारी, कर्मचारियों के 10 आवास भवनों का लोकार्पण कर प्रतीक स्वरूप तीन कर्मचारियों को आवासों की चाबी प्रदाय की। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कार्यक्रम में कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारियों को मंड़ी परिसर में आवास की सुविधा मिलने से बेहतर तरीके से कार्य कर सकेंगे उन्हें किरायें के भवनों हेतु भटकना नहीं पड़ेगा। मंत्री डॉ. मिश्रा ने प्रतीक स्वरूप मंडी निरीक्षक अनिल



माथुर, सहायक निरीक्षक गोविन्द गोयल और उपनिरीक्षक राजपाल सिंह को आवासों की चाबी प्रदाय कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए आवासों की शुभकांमनाएं दी। मंडी सचिव राकेश गोस्वामी ने बताया कि कृषि उपज मंड़ी परिसर दतिया में 10 अधिकारियों, कर्मचारयों के जी टाईप टूबीएचके पूर्ण विकसित फ्लैट आवंटित किए गए है। मंड़ी प्रांगण दतिया में निर्मित कर्मचारी आवास भवन सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बहुमंजिला प्रकार का यह पहला भवन है। जिसके निर्माण का सौभाग्य कृषि उपज मंड़ी दतिया को मिला है। इस दौरान एसडीएम अशोक सिंह चैहान, डॉ. रामजी खरे, सुभाष अग्रवाल, रामदास झस्या, योगेश सक्सैना, प्रशांत ढेंगुला, अतुल भूरे चैधरी, भरत यादव, जीतू कमरिया, गुडडी साहू, धीरू दांगी, संजीव गतवार, मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## डिवीजन ऑफिसर की कार्यप्रणाली से जनता में आक्रोश

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

लहार क्षेत्र का ग्राम कैथा जहां हाल ही में कुछ दिन पहले बिधुत करंट से एक बालक की मौत हो गयी थी जिसकी सूचना देने के बाद भी बिधुत विभाग का कोई कर्मचारी ग्राम में सुध लेने नही पहुँचा तो ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार के पास न्याय की गुहार लगाई पर कुछ हासिल नही हुआ और ऊपर से बिधुत विभाग के अधिकारियों ने अपने पावर का उपयोग करते हुए गाओं की बिधुत काट दी और दवाब बनाया की आबेदन बापस लो बर्ना समस्याओं का सामना करना पड़ेगा आये दिन दिए गए आबेदनो पर कार्यबाही न होने पर आज जब ग्राम कैथा निबासी बिधुत कार्यालय पर डिवीजन अधिकारी से मिलने पहुँचे तो सहाब नदारद मिले लंबे इंतजार के बाद सहाब के दर्शन हुए तो ग्राम बासियों ने अपनी बात रक्खी तो महोदय तपाक से बोले कि डी. पी तो नही है और 63 कि डीपी के लिए कम से कम 1 लाख की ब्यबस्था करनी पड़ेगी बिधुत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की ऐसी बात सुनकर ग्रामबासी भड़क गए और चक्का जाम की धमकी दे डाली और मुर्दाबाद के नारे लगाये तो डिवीजन अधिकारी ने अपने पावर का स्तेमाल करते हुए पुलिस बुलाई ओर सभी ग्राम बासियों पर झूठी सरकारी कार्य मे बाधा के फसाने की धमकी दे डाली तो वही सूत्र बताते है कि डिवीजन अधिकारी द्वारा अपने कुछ चहेते बंदरो से ऑफिस में तोड़ फोड़ भी करबाई जिसे देख आनन फानन में ग्रामबासी भाग खड़े हुए और अधिकारी महोदय ने आबेदन बनाकर फर्जी घटना को सही बनाने की फिराक में लगे हुए है ।

# अम्बाह बिजली घर की कमान को सभाले हुऐ है : असिस्टेंट इंजीनियर प्रदीप धुर्बे

**रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह...**

**अम्बाह...** बिजली बिभाग की



कारबाही जौरो पर चल रही है जैसा कि दैखा जारहा है कि सरकारी बिभागो पर लाखो बकाया होने से



ऐई प्रदीप धुर्बै ने पंचनामा तैयार कर बकाया बिभागो मे नोटिस जारी कर चप्पा किया है और सिल सिलेबार कनेक्सन काटकर बसूली की कारबाही की जारही है ऐई प्रदीप धुर्वे ने बताया जनता सही समय पर बिजली बिल अदाकार शासन की छूट योजना का लाभ ले सकते है शासन की तरफ से नई माफी की योजना कोई नही है हा बसूली स्थगति की गई है बिजली का बकाया भरकर लाइट का प्रयोग कर सकते है बकाया बिल पर बसूली की कारबाही जारी है जमा न करने पर कनेक्सन काटे जायेगे जिन पूरा बिल जमा है अगर किसी भाई की लाइट खराव होगई आप इस नम्बर पर 88784 14284 अपनी कम्प्लेंट दर्ज करा सकते है तुरन्त टीम पहुच कर सही करेगी।

## रामजीलाल , रोहित व कंचन सिंह किसान परिवार कल्याण संगठन के पदाधिकारी नियुक्त

### युवाओं के हाथों को मिली किसान परिवार कल्याण संघठन की जिम्मेदारी







दबोह( अर्पित गुप्ता )। किसान परिवार कल्याण संगठन के राष्ट्रीय संयोजक बाबू सिंह राजपूत की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी द्वारा किसानों की आवाज उठाने के लिए रामजीलाल रायकवार निवासी गांगेपुरा थाना आलमपुर को भिंड जिला प्रवक्ता,रोहित सिंह कौरव निवासी मुरावली थाना दबोह को ब्लॉक सचिव व कंचन सिंह कौरव निवासी ग्राम मुरावली थाना दबोह को भिंड जिले के लहार का ब्लॉक कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।इस अवसर पर नवनियुक्त जिला व ब्लॉक के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया व वरिष्ठ नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वह हमेसा किसानों के हित के लिए आगे आएंगे और उनकी समस्या भी सुनेंगे साथ ही वरिष्ठ नेतृत्व को समय समय पर अवगत भी कराएंगे।उन्होंने कहा कि हम सभी इस दायित्व का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे और सदैव जनसेवा कार्य करते रहेंगे।पदाधिकारियो की नियुक्ति पर बधाई देने वालो में जितेंद्र सिंह कौरव( सरपंच मुरावली ),रामबाबू मोदी, राजवीर सिंह कौरव, सुनील मांझी, परमलाल मांझी, मुन्ना रायकवार, रमेश कुशवाह, ध्रुव कौरव, विनय कौरव आदि लोग शामिल हैं।

# नवांगत सीएमओ रामनिबाश शर्मा के निर्देश पर अब अम्बाह शहर में दिखने लगा साफ सफाई का कार्य...





**केशब पडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** सीएमओ रामनिबाश शर्मा ने पदभार सभालने के उपरान्त उन्होने शहर की सफाई ब्यबस्था का निरीक्षण करके कडे निर्देश दिये और शहर मे अस्पताल,तहसील कार्यालय अम्बाह कोर्ट मे सफाई कराकर सेनेटाइजर का छिडकाब कराया और सुबह होते ही शहर की गलिया पार्क सडक पर गन्दगी नही दिखना चाहिये अगर पाई गई तो गैर हाजिरी लगाई जायेगी जिसकी बहॉ डूयूटी उसकी और सभी दुकान दारो को निर्देशित किया है अतिक्रमण कर दुकाने रोड पर न लगाये हम शासन से अनुमति लेकर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलायेगे अगर कही भी अतिक्रमण पाया गया तो अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा अत~ सुनने मे आरहा है कि दुकान दार भाई पैसा लेकर दुकान के सामने सडक पर हाथ ठैला लगवाते है जिससे आबागमन मे असुबिधा होती है कई बार लडाई झगडे होकर कायमी तक हुई है इसलिये अपनी नियति स्थान तक दुकान लगाये रोड पर रेता, ईट, सीमेन्ट लोहे के सरिया मिट्टी आदि न रखे चालन कारबाही की जा सकती है।

**आगरा महानगर से ग्रेट वाल्मीकि आर्मी की एक टीम जिसमें-राकेश चौधरी वाल्मीकि, रवि चौहान वाल्मीकि, प्रभात चौहान वाल्मीकि, मनीष करोसिया वाल्मीकि,विशाल पवार वाल्मीकि,अनिल पिप्पल हाथरस के थाना चंदपा के अंतर्गत, बुलगढ़ी गाँव पहुंचे जहाँ एक 21 वर्षीय वाल्मीकि युवती के साथ गाँव के दबंग**

# 5 लोगों ने खेत में घास काटने गयी युवती को अकेले घेरकर जबरन बलात्कार करने के उपरांत युवती की गर्दन की हड्डी

**उत्तर प्रदेश आगरा**
**पुष्पांजली टूडे न्यूज़**
**आगरा से राहुल कुमार की रिपोर्ट**

आगरा महानगर से ग्रेट वाल्मीकि आर्मी की एक टीम जिसमें-राकेश चौधरी वाल्मीकि, रवि चौहान वाल्मीकि, प्रभात चौहान वाल्मीकि, मनीष करोसिया वाल्मीकि,विशाल पवार वाल्मीकि,अनिल पिप्पल हाथरस के थाना चंदपा के अंतर्गत, बुलगढ़ी गाँव पहुंचे जहाँ एक 21 वर्षीय वाल्मीकि युवती के साथ गाँव के दबंग 5 लोगों ने खेत में घास काटने गयी युवती को अकेले घेरकर जबरन बलात्कार करने के उपरांत युवती की गर्दन की हड्डी तोड़ दी। दरिंदगी और इंसानियत की हदें पार करते हुए उक्त लोगों में से मुख्य अभियुक्त संदीप ठाकुर पुत्र गुड्डू ठाकुर ने युवती की जुबान(जीभ) अपने दाँतों से काटने का प्रयास किया जिससे युवती कुछ बोल भी ना पाये।

पीड़ीता के साथ इतनी भीभत्स घटना को अंजाम देने के बाद उन्हीं अपराधियों में से एक ने पीड़िता के भाई से कहा कि तेरी बहन खेत में मरी पड़ी है उसे उठा ला, जब परिजन पहुंचे तो निर्वस्त्र खेत में पड़ी थी,तब उसकी भाभी और माँ ने उसको वस्त्र पहनाये। ये घटना 14 सितंबर,2020 की है लेकिन अभीतक एक भी अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पाई है,जबकि



पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस सुबह उक्त लोगों को पकड़कर ले जाती है लेकिन शाम को जीप से छोड़ जाती है। जब चंदपा थानाध्यक्ष की गैरमौजूदगी में हमने मोबाइल पर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने ये कहकर पल्ला झाड़ लिया कि इस घटना की जाँच सी.ओ.साहब कर रहे हैं।थाने में मौजूद एक अन्य दरोगा ओमबाबू जी ने बताया कि हम लगातार दबिशें दे रहे हैं और दो लोग जो बाहर बैठकर खाना खा रहे थे कि तरफ इशारा करते हुये कहा कि ये दो लोग पकड़े हैं और इनसे पूछताछ जारी है, लेकिन उन्हें देखकर ऐसा बिलकुल भी नहीं लगा कि उनके चेहरे पर पकड़े जाने का कोई खौफ है।

**अलीगढ़ के मेडिकल हाँस्पीटल के इमरजेंस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती**- पीड़िता के गले पर दुपट्टे से दबाकर मारने के प्रयास करने से गहरे निशान बने हुये थे,गर्दन की हड्डी टूटने कारण उसके दोनों पैर एकदम लाचार सुन्न पड़ गये हैं। सबसे बड़े अफसोस की बात ये है कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पीड़िता के मजिस्ट्रेट ब्यान लेने का प्रयास तक नहीं किया गया है एवं साफ प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन अपराधियों से मिलीभगत उनको बचाने का भरकस प्रयास कर रहा है। ग्रेट बाल्मीकि आर्मी ने प्रदेश के मुखिया-आदरणीय योगी आदित्यनाथ महाराज जी ! से निवेदन किया है इस मामले की निष्पक्ष जाँच कराने का आदेश देते हुये गरीब वाल्मीकि बिटिया ! को न्याय दिलाने का कार्य करें एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने का आदेश संबंधित सक्षम पुलिस अधिकारियों को दें अन्यथा ऐसे अपराधी पुनः किसी और बच्ची को अपना शिकार ना बनायेंगे।



# पंजाबी भाषा के हक में भूख-हड़ताल पर बैठे शिव सैनिक

## पंजाबी भाईयों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नही : साहनी

**जम्मू ।** पंजाबी को जम्मू-कश्मीर की आधिकारिक भाषाओं में शामिल नहीं करने के फैसले के खिलाफ , अपने आंदोलन में तेजी लाते हुए , शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई के नेताओं ने आज जम्मू के डिगयाना आश्रम श्री गुरुद्वारा साहिब मे एक दिवसीय भूख-हड़ताल की गई। पार्टी अध्यक्ष यूटी जम्मू-कश्मीर मनीश साहनी के नेतृत्व दर्जनों शिव सैनिकों एवं सिख संगत ने शांतीपूर्ण तरीके से शब्द कीर्तन करते हुए , भूख हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज करवाया। मनीश साहनी ने कहा कि पंजाबी भाषा को नजर अंदाज करना, पंजाबी के अस्तित्व पर हमला बताते हुए कहा कि इसे, कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

साहनी ने कहा सरकार को जगाने के मकसद से वह एक दिन की टोकन भूख-हड़ताल पर है और अगर जल्द ही सरकार ने पंजाबी को आधिकारिक भाषा की सूची में शामिल नहीं किया, तो वह सिख भाईयों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए आंदोलन तेज करेंगे। साहनी ने कहा कि सिख समुदाय के योगदान एवं त्याग को भुलाया नहीं जा सकता। इतिहास उठा कर देखें तो , सिख साम्राज्य की नींव रखने वाले महाराज रणजीत सिंह के शासनकाल में करनाल से लेकर तिब्बत तक पंजाबी का बोलबाला था । मुगल , अंग्रेजों से लडने के बाद , आज अपने हक? के लिए अपनी ही सरकार से लड़ना पड़ रहा है । पंजाबी को बतौर अधिकारिक भाषा महत्व नहीं मिलना , इसकी पहचान कम करने की साज़िश है। साहनी ने बताया कि उक्त मांग को लेकर लेफ्टिनेंट गवर्नर और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव से लिखित गुहार लगाई गई है। साहनी ने कहा किपंजाबी भाषा जम्मू संभाग की एक प्रमुख भाषा रही है और पंजाबी और डोगरी का संबंध दो भाईयों की भांति है , जिन्हें एक-जैसा सम्मान देना होगा। इस मौके पर उपस्थित महंत सरदार मंजीत सिंह जी द्वारा गुरु के चरणों में अरदास एवं आशीर्वाद के साथ ,भूख हड़ताल को अंजाम दिया। ।इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर , कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता , महासचिव विकास बख्शी, उपाध्यक्ष हर्ष गुप्ता, विकास दिवान, यशपाल खजूरिया , सचिव राज सिंह, गुरविंद् सिंह,तरूना, बलवंत सिंह, पंकज, परविन्द्र सिंह, सुमन कौर , साहनी, राजू सवारियां, मंगू राम, उत्तम सिंह,राजेश हांडा , विजय मनवाल, संजीव सूदन, गीता रानी, लब्बा राम, डिम्पल, शपतैन सिंह समेत कई शिवसैनिक उपस्थित हुए।



# दिवंगत पत्रकार की पत्नी को मंत्री मलय घटक ने दी नौकरी

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

श्रम विधि व न्याय मंत्री मलय घटक ने शनिवार को अपनी आवासीय कार्यालय से पत्रकार स्वर्गीय संजीव सिन्हा की पत्नी अंजू सिन्हा को विधि व कानून विभाग में नौकरी का नियोजन पत्र सौंपा.मंत्री मलय घटक ने बताया कि संजीव सिन्हा निष्पक्ष, निडर और स्वच्छ पत्कारिता करते थे. हमारी सरकार द्वारा उनकी पत्नी को नौकरी दी गई . दिवंगत संजीव सिन्हा की पत्नी अंजू सिन्हा ने मंत्री मलय घटक को धन्यवाद भी दिया. मंत्री मलय घटक के इस कार्य से शिल्पांचल के पत्रकारों में मंत्री के प्रति वाहवाही देखी जा रही है.

# 80 लाख की चरस के साथ महाराष्ट्र के दो तस्कर गिरफ्तार , बॉलीवुड से कनेक्शन जुड़ने की आशंका

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण की चकिया पुलिस ने टोल गेट के पास से कार सवार दो तस्करों को 26.5 किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। महराष्ट्र नम्बर की कार से चरस की खेप मुजफ्फरपुर से मुम्बई ले जा रहे थे। कस्टम अधिकारी के अनुसार बरामद चरस का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब 80 लाख है। बॉलीवुड से कनेक्शन जुड़ने की आशंका है। एसपी नवीन चन्द्र झा ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से जांच करायी जायेगी। तस्करों से पूछताछ की जा रही है। तस्करों की निशानदेही पर मुजफ्फरपुर से उनके तीन साथियों को मुजफ्फरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों ने कुलार महाराष्ट्र के मलाई पठानबाड़ी के अपावाड़ाक कुलार के उस्मान सफी व चाल आनंदी नगर थाना के कुलार अपावाड़ा मलाई ईस्ट महाराष्ट्र के विजय वंशी शामिल हैं।

# रोटरी क्लब की ओर से स्थापना दिवस का आयोजन

**ब्यूरो चीफ अमन राय**

रोटरी क्लब ऑफ़ दुर्गापुर इलाइट की ओर से स्थापना दिवस का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम दुर्गापुर सिटी सेंटर के निजी होटल के सभागार में हुआ. कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से उपस्थित थे असीम अधिकारी, सपना चौधरी, डॉक्टर कुशनवा पाबि, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पुलक कुमार बनर्जी, पूर्व सचिव डॉक्टर कौस्तव चटर्जी, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय संगीत से हुई. उसके बाद अतिथियों को सम्मानित किया गया. इस वर्ष के नए अध्यक्ष आरोप दास एवं सचिव विजय




मुखर्जी को मनोनित किया गया. साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट से सम्मानित भी किया गया. क्लब के अध्यक्ष अरुण मुखर्जी ने बताया कि क्लब की ओर से सामाजिक कार्य लगातार किए जा रहे हैं इस कोरोना महामारी में क्लब द्वारा जरूरतमंद लोगों में राशन सामग्री दी गई, ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया था. क्लब द्वारा आने वाले दिनों में फुटबॉल टूर्नामेंट, एवं दुर्गा पूजा के समय जरूरतमंद बच्चों में वस्त्र वितरण भी किया जाएगा. क्लब का एक ही उद्देश्य है सामाजिक कार्य को करना एवं क्लब निरंतर प्रयास कर रही है.

# खेरागढ़ पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ कार्यालय का हुआ उद्घघाटन





**पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ खेरागढ़-**
**राजकुमार राजपूत**

खेरागढ कस्बा स्थित पुराने स्वास्थ केन्द्र के सामने पुष्पार्जलि टुडे न्यूज कार्यालय का उद्घघाटन किया गया पुष्पांजली टुडे के प्रबंध संपादक शैलेश सिंह कुशवाह ने कार्यालय का फीता काटकर किया इस दौरान खेरागढ़ आगरा के रिपोर्टरो ने संपादकीय टीम का फूल माला पहना कर सम्मान किया

इस दौरान उपस्थित लोग मुख्य संपादक भरत सिंह चौहान उप संपादक अरविंद सिंह नरवरिया प्रबंधक संपादक शैलेश कुशवाह गौरव शर्मा रिपोर्टर चंबल संभाग प्रवेंद्र सिंह परमार ब्यूरो चीफ आगरा दीपक सिंह सिकरवार क्राइम रिपोर्टर खेरागढ़ राजकुमार राजपूत तहसील रिपोर्टर खेरागढ़ राहुल कुमार रिपोर्टर जिला आगरा नरेश राजपूत प्रेम सिंह राजपूत टिंकू राम लोधी अध्यक्ष लोधी सेना राकेश कुमार लोधी प्रो. मेहंदीपुर बालाजी फैमिली रेस्टोरेंट्स प्रधानाध्यापक भूपेंद्र सिंह.

# कोविड 19 सेण्टर में बेहतरीन सेवा देने पर डा कुललदीप की टीम सम्मानित





## एम्स में बना कोविड 19 सेण्टर हुआ बंद

## - एक माह में 93 कोरोना पोजटिव मरीज हुए स्वस्थ

## अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

बिलासपुर के साथ सट्टे कोठीपूरा में निर्माणधीन एम्स अस्पताल में बना कोविड 19 सेण्टर शुक्रवार देर शाम को बंद कर दिया गया ! इसे 19 अगस्त को कोविड 19 सेण्टर बनाया गया था और पुरे एक माह के बाद इसे शुक्रवार देर शाम को बंद कर दिया गया ! गौर तलब है कि निर्माणाधीन एम्स अस्पताल में मजदूरी का काम करने के लिए बाहरी राज्य से लेबर यहाँ पहुँच रही थी जिनमे से काफी मजदुर कोरोना पोजटिव आ रहे थे जिसको देखते हुए निर्माधीन एम्स अस्पताल में ही स्वास्थ्य विभाग ने कोविड 19 सेण्टर बना दिया था जहां पर मात्र एम्स अस्पताल में कार्यरत मजदूरो को ही रखा जा रहा था ! एम्स अस्पताल में मजदूरी के लिए आये सभी लोगो का कोरोना टेस्ट किया गया और जो भी व्यक्ति कोरोना पोजटिव आ रहा था उसे इसी स्थान पर रख कर उसका उपचार किया गया ! स्वास्थ्य विभाग ने इस कोविड 19 सेण्टर में डा कुलदीप ठाकुर के नेत्रित्व में एक टीम का गठन किया गया और इस टीम ने पूरा एक माह तक यहाँ पर अपनी सेवाए दी ! डॉ कुलदीप ठाकुर को इस टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया था जिनके नेत्रित्व में डा मनोज चंदेल , लैब टेक्नीशियन राज कुमार , सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुजाता ठाकुर तथा एम्स प्रशासन की तरफ से चन्दन तथा चेतन ने अपनी सेवाए दी ! इन सभी लोगो ने यहाँ पर पुरे एक माह तक अपनी सेवाए दी तथा यहाँ पर रह रहे सभी मजदूरो के कोविड 19 के सैम्पल भरे तथा जो मजदुर कोरोना पोजटिव आए उनका उपचार भी किया ! टीम प्रभारी डा कुलदीप ठाकुर ने बताया कि यहाँ पर कुल 93 लोगो का उपचार किया गया यह सभी कोरोना पोजटिव आये थे ! इन सभी का इसी संस्थान में उपचार किया गया और यह सभी पूरी तरह स्वस्थ हो गये अब एम्स अस्पताल में कोई भी व्यक्ति कोरोना पोजटिव नही है जिसके बाद जिला प्रशासन ने यहाँ पर बने कोविड 19 सेण्टर को बंद कर दिया ! डा कुलदीप ठाकुर ने बताया कि इस दौरान एम्स अस्पताल का निर्माण कर रही एनसीसी लिमेटेड कंपनी ने सारी सुविधाए उपलब्ध करवाई और यहाँ पर जिला भर में सबसे बेहतर सुविधाए उपलब्ध करवाई गई ! उन्होंने बताया कि कोरोना पोजटिव आये मजदूरो के लिए कंपनी ने बेहतर खाने के साथ साथ फल , दवाइयां तथा अन्य जरुरत का सामान उपलब्ध करवाया ! उन्होंने कंपनी द्वारा दिए गए सहयोग की खूब प्रशंसा की ! उन्होंने कहा कि कंपनी ने यहाँ वह हर सुविधा व सामान उपलब्ध करवाया जिसकी यहाँ पर आवश्यकता थी ! कंपनी ने यहाँ सारा सामान गुणवता युक्त उपलब्ध करवाया ! कोविड 19 सेण्टर के समापन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रकाश दरोच ने शिरकत की तथा यहाँ पर अपनी सेवाए दे रही टीम को प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया ! डा प्रकाश दरोच ने यहाँ पर सेवाए दे रही टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस टीम ने जिला भर में बेहतर सेवाए दी जिसके चलते आज इस टीम को सम्मानित किया जा रहा है ! उन्होंने एम्स अस्पताल का निर्माण कर रही एनसीसी लिमेटेड कंपनी की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहाँ कि इस कंपनी ने विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई ! गौरतलब है की डा कुलदीप ठाकुर के नाम कोरोना काल में पुरे प्रदेश भर में एक दिन में सबसे अधिक कोविड 19 के सैम्पल एकत्रित करने का रिकॉर्ड दर्ज है जिसे अभी तक कोई भी तोड़ नही पाया है !

# गरीबों के अधिकार के राशन को चोरी छिपे ले जाते हुए बाहन पकड़ा



**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

जिला मुख्यालय श्योपुर के चिंताहरण हनुमान मंदिर ,नहर के पास श्योपुर में मकान स्वामी रणवीर कुशवाह के मकान में 50 किलोग्राम के बजन के पीडीएस के 54 प्लास्टिक के खुले कट्टे एक किराएं के मकान में पाए गए और वाहन क्रमाक एमपी 33 जी 0870 में जिस पर दैनिक भास्कर प्रेस का नाम अंकित है,इसमें 120 प्लास्टिक के कट्टे टाटा 407 में पाए गए। जिसे 19/09/20 रात्रि में तहसीलदार जिला श्योपुर राघवेन्द्र कुशवाह के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लवली गोयल के द्वारा शिवपुरी ले जाते समय वाहन जप्त कर लिया गया। मौके पर पंचनामा बनाते हुए जप्ती की कार्यवाही की गई है। वाहन को जप्त करते हुए देहात थाने में थाना प्रभारी की सुपुर्दगी में खड़ा कर दिया गया। पार्श्व स्वर जिला मुख्यालय श्योपुर से किस प्रकार से प्रशासन से नजर बचाते हुए चोरी छिपे पीडीएस का चावल जिले से बाहर भेजा जा रहा है,इसकी जीती जागती मिसाल चिंताहरण हनुमान मंदिर,नहर के पास एक किराए के घर से 54 कट्टे और टाटा 407 वाहन में 120 कट्टे भी बरामद किए गए। जिसे कालाबाजारी करने के लिए शिवपुरी ले जाया जा रहा था। मौके पर तहसीलदार श्योपुर ने जांच के बाद बताया कि उक्त माल की खरीदी और



कालाबाजारी *शिवचरण बंसल निवासी सलापुरा, श्योपुर के द्वारा करना बताया गया। मौके पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लवली गोयल* द्वारा पंचनामा बनाकर रणवीर कुशवाह के किराए के घर 54 और 120 कट्टे चावल के लदे वाहन को जप्त करते हुए देहात थाने के करते हुए कार्यवाही की।



# मधुशाला डिजिटल कवि सम्मेलन आयोजित

**उदयपुर( अर्पित गुप्ता)**

मधुशाला साहित्यिक परिवार द्वारा मधुशाला परिवार के स्थाई सदस्य अमित पांडेय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय डिजिटल कवि सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डुंगरपुर राजस्थान के युवा कवि मेहुल चौबीसा ने मुक्तक एवं गीतों से की।चंडीगढ़ से अभिनेत्री ,कवयित्री रजनी बजाज ने अमित पांडेय को उनके जन्म दिवस पर उनकी कविता पढ़कर शुभकानाएं दी। नैरोबी केन्या से मनीषा कंठालिया ने भाव प्रधान कविता जो पानी का बुलबुला सुनाया।अमित पांडेय ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुक्तक एवं राधा कृष्ण पर गीत सुनाए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन उदयपुर के युवा कवि दीपेश पालीवाल ने किया।

# नई चीन नीति गढ़ने का मौका

विदेश सचिव हर्ष शृंगला ने 4 सितंबर को कहा, 'भारत-चीन सीमा पर एक अभूतपूर्व स्थिति बन गई है। 1962 के बाद कभी भी इस तरह से हालात नहीं बिगड़े थे।' उन्होंने मौजूदा 'तनातनी से पहले की स्थिति बहाल' करने की मांग भी की। हालांकि, न तो उन्होंने और न ही सरकार के किस नुमाइंदे ने, न दोनों देशों की सेनाओं की साझा-वार्ता संबंधी बयानों और न ही कूटनीतिक बातचीत में यह बताया गया कि 'हालात' आखिर खराब क्यों हुए या स्थिति कैसे इतनी बिगड़ गई? इस संदर्भ में मीडिया में जो भी खबरें आई हैं, वे या तो 'ऑफ द रिकॉर्ड' बातचीत यानी सूत्रों के हवाले से तैयार की गई या फिर लीक सूचनाओं के आधार पर। आधिकारिक बयानों में साफगोई नहीं दिखी। जैसे, चीन के अपने समकक्ष के साथ भारतीय रक्षा मंत्री की मॉस्को-वार्ता के बाद रक्षा मंत्रालय ने जो बयान जारी किया, उसमें बीजिंग पर यह आरोप लगाया गया कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव की उसकी कोशिशों से मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेकिन क्या उसका प्रयास सफल हुआ? अगर नहीं, तो फिर विदेश सचिव ने यथास्थिति बहाल करने की जो मांग की है, उसके क्या निहितार्थ हैं? बेशक सीमा-विस्तार की चीन की गतिविधियों पर हमने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन जो स्पष्ट है, वह यह कि बीजिंग ने अपनी हरकतों से 'आपसी विश्वास में सेंध' लगाई है। पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह ने इन शब्दों का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ किया था, जब उसने कारगिल युद्ध में नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया था। जाहिर है, चीनी अतिक्रमण बहुत बड़ा और गंभीर है। अब यही माना जाना चाहिए कि भारत की मौजूदा चीन-नीति काम की नहीं रही, क्योंकि इसकी बुनियाद आपसी विश्वास ही थी। यह नीति सन 1988 में राजीव गांधी ने बनाई थी और बाद की सभी सरकारें इसी पर आगे बढ़ती रहीं। इसमें शांत व स्थिर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), सीमा विवाद का स्थाई समाधान और कारोबार सहित हर क्षेत्र में भारत-चीन संबंधों की स्वाभाविक प्रगति की वकालत की गई है। सवाल है कि नई नीति क्या होनी चाहिए? इसके लिए जरूरी है कि भारत और चीन में आज जो ताकत का असंतुलन है, उसे स्वीकार किया जाए। अभी चीन के साथ हमारी तुलना ठीक उसी तरह से हो सकती है, जिस तरह से पाकिस्तान की हमारे साथ। मगर इसमें एक बड़ा अंतर यह है कि पाकिस्तान जितना भी साधन जुटा ले, वह भारत से कमजोर ही रहेगा, जबकि भारत और चीन के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। बेशक भारत को आगे बढ़ने के लिए काफी कुछ करना होगा, लेकिन पिछले चार दशकों में दोनों देशों के बीच में बन आई खाई को पाटने की पर्याप्त क्षमता हमारे पास है। हां, इसके लिए राष्ट्रीय सहमति बनाना आवश्यक है, लेकिन यह किया जा सकता है और किया जाना चाहिए भी। जब तक पाकिस्तान-भारत-चीन का मौजूदा शक्ति असंतुलन बना रहेगा, तब तक पाकिस्तान की भारत-नीति पर गौर करना कारगर हो सकता है। इस नीति के मूल में नियमित टकराव है और यह आर्थिक व वाणिज्यिक सहित किसी भी तरह के सहभागी रिश्ते को विकसित होने से रोकती है। उल्लेखनीय है कि साल 1996 में चीन के तत्कालीन राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने पाकिस्तान को सलाह यह दी थी कि वह चीन-भारत रिश्तों का मॉडल अपनाए, जिसमें आपसी मतभेदों को दूर करते हुए अन्य क्षेत्रों में सामान्य संबंध बनाने और उसे विस्तार देने की बात कही गई है। मगर जियांग जेमिन के विचारों को नजरंदाज किया गया, क्योंकि पाकिस्तानी सेना का स्वाभाविक तौर पर यही मानना है कि यदि कारोबारी और आर्थिक रिश्ते मजबूत बनाए गए, तो युद्ध या जंग की हालत में भारत को फायदा मिल सकता है। इसके अलावा, इस तरह के संबंध बनने से भारत जम्मू-कश्मीर पर बातचीत करने से भी बचेगा। लिहाजा, इस्लामाबाद ने अपने तीन पारंपरिक नजरिए के साथ ही आगे बढ़ने का फैसला किया- परमाणु हथियारों और उनसे जुड़ी आपूर्ति-व्यवस्था का विकास, नियंत्रण रेखा पर सैन्य संतुलन और आतंकवाद का इस्तेमाल। बीते तीन दशकों में पाकिस्तान जितना दिवालिया हुआ है, उसमें एक बड़ा योगदान उसकी इस भारत-नीति का भी है।

## बढ़ती वैश्विक स्वीकृति

जिस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गलवान घाटी व पैंगोंग झील के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की हरकतों और मॉस्को में चीनी रक्षा मंत्री से बातचीत का ब्योरा संसद में रख रहे थे, उसके कुछ ही घंटे पहले संयुक्त राष्ट्र से देश के मनोबल को नई ऊंचाई देने वाली एक खबर आई कि चीन को पछाड़ते हुए भारत ने 'यूएन कमीशन ऑन द स्टेटस ऑफ वुमन' (सीडब्ल्यूएस) में अपनी जगह पक्की कर ली है। यह संयुक्त राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण संस्था है, जो लैंगिक समानता और नारी सशक्तीकरण के लिए नियम-कायदे गढ़ती है। इस जीत की अहमियत इस तथ्य की रोशनी में ज्यादा महसूस की जा सकती है कि चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है। इसके बावजूद 54 सदस्यीय 'इकोनॉमिक ऐंड सोशल कौंसिल' में उसे महज 27 मत मिले, और वह अपने पक्ष में साधारण बहुमत भी नहीं जुटा सका, जबकि भारत और अफगानिस्तान इस संस्था के सदस्य चुन लिए गए हैं और इनका कार्यकाल साल 2021 से 2025 तक का होगा। डब्ल्यूएचओ में कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर भारत की ताजपोशी, फिर सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य के रूप में चयन और अब सीडब्ल्यूएस की सदस्यता साफ बताती है कि विश्व मंच पर भारत की साख मजबूत हुई है और बीजिंग की अनिच्छा के बावजूद दुनिया भर के देश भारत के साथ अपने रिश्तों को लेकर अधिक मुखर हुए हैं। चीन की बौखलाहट की एक वजह यह भी है कि भारत की वैश्विक स्वीकृति दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है और कल तक तटस्थ रुख अपनाने वाले कई देश अब खुलकर नई दिल्ली के साथ खड़े होने लगे हैं।

# मास्क का सही निस्तारण न होना भी बन सकता है करोना संक्रमण का कारण

कोविड 19के संक्रमण को रोकने के लिए मास्क लगाना तो अनिवार्य है ही किंतु मास्क की सही डिस्पोजल करना भी उतना ही अनिवार्य है।हम देख रहे हैं आजकल खुले में यत्र-तत्र मास्क फेंक दिए जाते हैं, सड़कों पर, तथा सड़कों के किनारे पड़े कचरे में बड़ी मात्रा में यूज किए हुए मास्क दिखाई देते हैं। समुद्र के किनारे पानी में तैरने मास्क देखे जा रहे हैं,क?ई बार हम घर में भी डस्टबिन में मास्क फेंक देते हैं। आपको बताना चाहूंगी कि मास्क में करोना का वायरस 72घंटे तक जीवित रहता है, पानी में भी यह वायरस मरता नहीं है। समझने वाली बात यह है कि एक ओर तो हम संक्रमण से बचने के उपाय अपना रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही करके संक्रमण फैला रहे हैं। आजकल सड़कों के किनारे ठेला लगा कर लोग सस्ते दामों में घटिया क्वालिटी के मास्क बेच रहे हैं, जहां अच्छी क्वालिटी का मास्क द्गह. 95 मास्क जिसकी कीमत100 रू.तक है वहीं दूसरी ओर ठेलों पर रखे रंग बिरंगे मास्क बीस से पच्चीस रुपए में बेचे जा रहे हैं। इन मास्को को खरीदते समय लोग छूते हैं यहां तक कि क?ई बार चेहरे पर लगा कर भी साइज देखते हैं। ये बेहद ख़तरनाक है।

ग्नकैसे करें मास्क को डिस्पोजल-

मास्क को प्रतिदिन साबुन से धोने से मास्क खराब हो जाता है। कुछ नियम है जिसको अपना कर हम इस संक्रमण को रोक सकते हैं।

1. हमेशा अच्छी क्वालिटी का मास्क पहने, सभी मास्क अच्छे नहीं होते।

2.अपने पास पेपर बैग अर्थात लिफाफे, यूज करने के बाद आप उसमें अपने मास्क को रख कर ठीक से पैक कर दें, इसके बाद हाथों सैनेटाइज कर लें।

3 घर में आप पांच पेपर बैग बना लें, पेपर बैग के ऊपर एक से पांच तक नं लिख दें, जैसे पहले पर 1.दूसरे पर2.इस तरह। पहले दिन यूज किए गए मास्क को पहले नं वाले पेपर बैग में डाल दें,इसी क्रम से आप पांचवें दिन पहले वाले पैपर बैग के मास्क को वगैर धोए यूज कर सकते हैं, क्योंकि 72घंटे में इसका वायरस खत्म हो जाता है।

4.यदि आपको मास्क को डिस्पोजल करना है तो पहले उसे अच्छी तरह से साबुन से धो लें, इसके बाद ही डिस्पोज करें। सड़कों पर अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके।

5.घर में छोटे छोटे बच्चे होते हैं तो मास्क उनकी पहुंच से दूर रखें और तुरंत अपने हाथों को साबुन से धो लें।।

अस्पताल जहां कोविड 19के मरीजों का इलाज हो रहा है उन्हें भी मास्कों का डिस्पोजल बड़ी ही सावधानी से करना चाहिए।। इस तरह की सावधानियां बरतने पर हम कुछ हद तक तो इस ख़तरनाक वायरस के संक्रमण को रोक सकते हैं।।

**रश्मि मिश्रा**
**भोपाल**

## श्रुष्टि के सर्जनहार

कोई उसे खुदा कहेता है कोई भगवान कहेता है, कोई शिव शक्ति कहेता है तो कोई कृष्ण की लीला कहेता है, सभी भगवान एक शब्द से जुड़े हुए है.. ग्नप्रकृति, प्रकृति ने ही श्रुष्टि का सृजन किया है ओर जब जब मानव प्रकृति के सर्जिन पर संदेह करेगा, उनके सर्जिन मे हस्तक्षेप करेगा, खुद सर्जनहार बनने का प्रयास करेगा तब तब प्रकृति मानव को अपनी सीमाओ का आभास कराएगी उनकी हद से रूबरू कराएगी..



जीवन मृत्यु मे मूरत नहीं
कर्म मे शुभमूरत क्यों?
घड़ी शुभ होती सत्कर्म की
फिर अशुभ घड़ी क्यों?
प्रकृति विवश नहीं जब
इन्सान अंधश्रद्धा मे विवश क्यों?
जब दिया नसीब ने बेहिसाब
तो देने मे हिसाब क्यों?
आँखों से बहते बेहिसाब
आंशू की कीमत कुछ नहीं
फिर गली गली बीकता पानी क्यों??
ठहर जा इन्सान तू
बहोत आगे निकलगया
श्रुष्टि के सृजन मे भी
शक का बीज बो दिया
पानी को पानी न रहने दिया
मैसर को अमृत बनाया क्यों?
प्रकृति को फिरसे एकबार
प्रकोपित बना दिया
फिर अब थर थर कांपता क्यों?
मौत का इतना खौफ है
फिर खुदा बनने चला क्यों??
फिर खुदा बनने चला क्यों??

**अल्पा मेहता**

## सम्मान



उस्तादों का जहां भी
सम्मान होता है,
वहां का आम आदमी
भी महान होता।
सबके दिलो पर जो
राज करता है,
असल ज़िन्दगी में वही
धनवान होता है।
जालिमों के जुल्मों को
माफ़ करता चले,
वो जग का सबसे बड़ा
इंसान होता है।
वो देश क्या तरक्की
करेगा साथियों,
जब मालिक अपने कर्त्तव्यों से अंजान होता है।
शिक्षा का ज्योती जलता रहे नूरी सदा,
शिक्षा तो ज़मीं का दूसरा भगवान होता है।

**नूरफातिमा खातून नूरी (शिक्षिका)**
**जिला-कुशीनगर**
**उत्तर प्रदेश**

## परीक्षा



सच पूछो तो
जिंदगी के हर
मोड़ पर परीक्षा।
यदि सही रखो
तुम, तो ये है
तुम्हारी इच्छा।
तुम सफल हो
या न हो पर
हमेशा देगी शिक्षा
सफल हुए तो
पूर्ण होगी तुम्हारे
मन की इच्छा
यदि असफल हुए
तो ,करो अब
उसकी समीक्षा
फिर जिंदगी
सार्थक कर
ले लो दीक्षा
जिंदगी के हर
मोड़ पर ही
होती है परीक्षा।

**सर्वाधिकार सुरक्षित**
**99अभियंता प्रिंस कुमार**
**सोनदीपी, बेगूसराय ( बिहार)**
**--8051827662**

## गीत- प्रवासी मजदूर



जीवन है सुख दुख का
मेला,अज़ब साँझ ग़ज़ब सवेरा।
हौसला रख हिम्मत ना हार,
मिटेगा ग़म का अँधेरा।
कोरोना के कारण ही तो
,क़िस्मत से मजबूर हुए।
लॉकडाउन ने ये बताया,
घर से कितने दूर हुए।
न कोई साधन पास
उनके,और न कोई सहारे।
कैसा दिन आया जीवन में
,चल पड़े पैदल बिचारे।
मज़दूरी पर आफ़त आई, और मुश्किलों ने घेरा।
हौसला रख हिम्मत ना हार,मिटेगा ग़म का अँधेरा।
कैसी होगी हालत घर की सोच - सोचकर घबराए।
जेब है खाली मन है भारि, वो दुखड़ा किसे सुनाए।
नेताओं की अलग कहानी,सूखा आँखों का पानी।
हर बात पर करे राजनीति, पक्ष-विपक्ष कि मनमानी।
धंदा मंदा चूल्हा ठंडा, उजड़ा है रैन बसेरा।
हौसला रख हिम्मत ना हार,मिटेगा ग़म का अँधेरा।

**अंजु दास गीतांजलि........?? पूर्णियाँ ( बिहार )**
**की क़लम से मौलिक अधिकार**

## दोहरी जिंदगी



रोज की तरह आज भी सीमा काम पर देर से आई ।आते ही मैंने कारण पूछा मैडम जी वही पारिवारिक क्लेश के कारण मेरी नींद देर से लगी और काम के लिए लेट हो गई। सीमा का पति एक फैक्ट्री में काम करता था। जो पैसे मिलते उन्हें दारु पीने में उड़ा देता। जब भी सीमा घर खर्च के लिए पैसे मांगती तो सिर्फ पति की मार ही मिलती। सीमा के चार लड़की और एक लड़का था। उन्हें पढ़ाने लिखाने के लिए सीमा सिलाई का काम करती किंतु दिन रात मेहनत करने से उसकी नजर कमजोर हो गई, तब उसने झाड़ू ,पोछा का काम करना शुरू किया। सीमा अपना दर्द कभी-कभी मुझे से बांट लेती थी। वह हमेशा कहती थी मेरे इस काम के बारे में किसी को पता नहीं चलना चाहिए सीमा सबसे छुपकर काम करती थी। सीमा का भाई बड़े शहर में नौकरी करता था। उसके बच्चे शहर में पढ़ रहे थे ।अगर उसको पता चलता तो बच्चे और वह नौकरानी के बच्चों के साथ उठना बैठना पसंद नहीं करेंगे। यह सब सोच सीमा अपने बच्चों को महंगी पढ़ाई और अच्छा रहन -सहन दे रही थी। उसका कहना था, जो भेदभाव मेरे साथ हुआ वह अपने बच्चों के साथ नहीं होने देगी उसके लिए उसको झाड़ू पोछा करना मंजूर है। सीमा बचपन में पढ़ना चाहती थी। उसके भाई का दाखिला करा दिया और सीमा को यह कहकर घर पर बिठा दिया कि ÷तुम पराया धन हो÷ तुम्हे सिर्फ गृहस्ती संभालनी है। आज अगर सीमा को पढ़ाया होता ! तो वह अपने पैरों पर खड़ी होती ।और जिल्लत वाली जिंदगी जीने को मजबूर ना होती ।अपनी आत्मा पर बोझ लिए वह दोहरी जिंदगी जीने को बेबस है।

**रीमा सिंघल**
**ग्वालियर**

## लघुकथा-वास्तविक श्राद्ध



घर में हलचल-सी थी। सुबह-सुबह हड़बड़ाहट में खाना बनाया जा रहा था। राज के पिताजी का श्राद्ध था। खीर-पूरी और आलू की सब्जी सुबह आठ बजे ही बना दी गई थी। पूजा की तैयारियों के चलते दरवाज़े पर दस्तक हुई। एक छोटी सी लड़की गोद में एक शिशु लिए खाने को कुछ माँग रही थी। उसके कपड़े मैले-कुचैले और बाल निखरे हुए थे। राज और पत्नी ने बाहर आकर मन करने का भी कष्ट नहीं उठाया। अंदर से ही चिल्लाते हुए बोले, आगे से ले लो। उस लड़की ने फिर आवाज़ लगाई, दो दिन से कुछ नहीं खाया, कुछ दे दो साहब। मगर श्राद्ध की पूजा कर रहे परिवार का ह्रदय नहीं पसीजा। वो लड़की शिशु को उठाए आगे चल दी। चलते हुए गर्दन नीचे थी। सामने से कुछ पंड़ितों की फ़ौज आ रही थी। लड़की उनसे टकरा गई। अवहेलना और अपशब्द कहते हुए पंड़ित भी आगे बढ़ गए और राज के घर में घुस गए। वहाँ उन्हें श्राद्ध का भोज करने हेतु बुलाया गया था। लड़की ने पलट कर देखा तो साहस फ़िर से जगा। वह राज के घर फिर गई और जाकर माँगने लगी। अबके राज गुस्से से निकल कर आया और बोला, एक बार में समझ नही आता। लड़की बड़े ही प्यार से बोली, बाबूजी पंड़ितों को खिला रहे हो, मुझे भी खिला दो। उसकी प्यार की बोली सुनकर पड़ोसी बोला, राज वास्तविक श्राद्ध का फल गरीबों को भोजन कराने से संबंधित है। कर्ण ने भी स्वर्ग से लौटकर गरीबों को भोजन खिलाया था। राज यह सुनकर जल्दी से खाना लेकर आया और लड़की को खाना दिया। लड़की खाना लेकर आगे चल दी।

**डॉ. लता (हिंदी शिक्षिका)**
**नई दिल्ली**

## बहन की मुराद



वो हर कदम साथ देती थी
मेरा,
चाहे जितनी मुसीबतों ने हो
घेरा..
हर मन्दिर में मेरी सलामती की
दुआ मांगती थी,
मैं बन जाऊं बड़ा यही मुराद
मांगती थी..
पैरों में जूते भी ना थे,
ना माँ-बाप का साया,
करके चाकरी घर-घर मेरी
बहन मुझे पढ़ाया..
आज बन गया हूँ मैं अफसर,
गाड़ी बंगला है नौकर-चाकर..
पर कोई भी खुशी नहीं है
जिसने देखे थे ये सपने
वो बहना ही दुनिया में
नहीं है..
मेरे सपने पूरे करते-करते,
कोरोना महामारी के चलते..
चली गई वह छोंड़ के दुनिया,
किस काम की है ये सारी
खुशियाँ !

**प्रज्ञा शुक्ला**
**सीतापुर, उत्तर प्रदेश**

## कोरोना, कविता

कैसी महामारी फैली है जग में,
चारों ओर अंधेरा है।
हाहाकार मच गया है अब ,
हर तरफ करोना का डेरा है ।।
नहीं निकलते घर से अब ,
सैर, सपाटे और खाने को ।
समय बीतेगा परिवार संग,
क्यों मन करे बाहर जाने को ।।
कितनों की नौकरी गई ,
छूटे मजदूरों के काम ।
बेरोजगारी में गुजर रही है ,
उनकी सुबह और शाम ।।
खांसी ,सर्दी ,सिरदर्द ,बुखार
ऐसे इसके हैं लक्षण ।
समझो ना साधारण इसको ,
कर चुका कितनों का भक्षण।।
उपचार नहीं अभी इसका कोई ,
सावधानी बरतनी जरूरी है ।
गले मिलेंगे फिर अपनों से ,
बस थोड़े समय की दूरी है।।
करो सैनिटाइज हाथों को ,
मुंह में मास्क लगाना है ।
रखो तैयारी पूरी अपनी,
कोरोना को हराना है।

**- सुक जायसवाल**
**पुरगाँव, छत्तीसगढ़**



## तालीम पे हक हो सभी का ना आमीर हो कोई ना गरीब हो



ना हिन्दू हो कोई ना मुसलमान हो
बेटा बेटी पढ़े साथ में ना फर्क इनमें कोई हो।
इल्मो-ओ-शोरहत के चिराग से रोशन हो सभी का मकान हर बच्चे के हाथ में हो घड़ी और बस्ते में किताब हो।
तरक्की मुमकिन है तभी जब तालीम हर लिहाज से फरीब हो
ये जो दिलो के दरमियान नफरत के दीवारें है खड़ी प्यार में है वो ताकत जो गिरा दे ये दीवारें सभी।
खूवाब है बस इतना के प्यार के मशाले जलाएं रखने वाला भी कोई हो।
आसान है आपस में प्यार पाना के ये हवाओ में ही बहता है
बस पहचानने वाला कोई हो।
अलग अलग रहेंगे सभी तो शैतान के ही काम आयेंगे
वहीं जब बांध जाएंगे हिन्दूमुस्लिमसिखईसाई प्यार के धागो से तो पुत से खुदा बन जाएंगे।
ना रहेंगी जब दीवारें नफरत की दरमिया तभ ही सब इंसान कहलाएंगे।

**शिखा रैकवार**
**मनेन्द्रगढ़**

## गज़ल



मत करो मुझसे इतनी मोहब्बत कि जान जाएगी हमारी ।
ना छेड़ा करो यूँ साज़े-उलफ़त कि जान जाएगी हमारी ।
चले जाओगे ग़र एक दिन तुम कभी बेवफ़ा बन कर ,
सही जाएगी ना तन्हाई , जुदाई मार जाएगी तुम्हारी ।
जलेगा दिल हमारा आतिशे - ग़म में हर पल
तन्हाई में हमें जब - जब याद आएगी तुम्हारी ।
दो जिस्म इक जान कभी हुआ करते थे तुम - हम,
बन गए हो सितमग़र,येअदा बेकरारी बढ़ाएगी हमारी ।
चुभेंगे नश्तर जुदाई के सीने में हमारे जब-जब ,
ना आएगा करार हिज्र में हमें ये रात पड़ेगी भारी ।
मौजू -ए- गुफ़्तुगू किसी को क्या बताऐंगे हम,
टूटा क्यों दिल, दिल्लगी बात बन जाएगी सारी ।
राहे-शोक़ नहीं बाग़े-बहिश्त सोच के रखना कदम ,
कदम लड़खड़ने लगे, के अब तो मौत आएगी हमारी ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**

# बहन के साथ मनाएंगी भूमि नई फिल्म का जश्न

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ अपनी नई फिल्म 'डॉली किट्टी और वो चमकते सितारें' का जश्न मनाएंगी। इस बारे में भूमि ने कहा कि फिल्म 'डॉली किट्टी और वो चमकते सितारें' के इस हफ्ते रिलीज होने के बाद मैं और समीक्षा इसे साथ में देखने का प्लान बना रहे हैं। हमने पहली बार बुसान में साथ में यह फिल्म देखी थी और मेरे लिए वास्तव में फिल्म के सफर की शुरूआत मेरी बहन के साथ हुई है। हमने बुसान में काफी अच्छा बिताया। हम इस फिल्म को दोबारा से साथ में देखने का प्लान बना रहे हैं और यह हमारा स्पेशल सिस्टर स्क्रीनिंग होगा। बता दें कि इस फिल्म को अलंकृता श्रीवास्तव ने निर्देशित किया है और इसमें अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। भूमि और कोंकणा ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म में आपस में दो बहनों का किरदार निभा रही हैं।



# प्रिया प्रकाश वारियर की आवाज ने जीता लोगों का दिल



मलयाली सुंदरी प्रिया प्रकाश वारियर बॉलीवुड में एंट्री की तैयारी में हैं, जिसके लिए वह पूरा होमवर्क करने में जुटी हैं। इस क्रम में उन्होंने अपने 21वें जन्मदिन से एक दिन पहले अपने पहले हिन्दी म्यूजिक वीडियो पिया र का यूट्यूब पर टीजर रिलीज किया। एक मिनट उन्नीस सेकेंड के टीजर में प्रिया की अदाकारी के साथ उनकी मखमली आवाज भी खूब पसंद की जा रही है। बता दें कि प्रिया की डेब्यू फिल्म श्रीदेवी बंगलो बनकर तैयार हैं, लेकिन बोनी कपूर द्वारा टाइटल पर लीगल नोटिस देने के कारण फिलहाल यह अटकी हुई है। दरअसल, बोनी फिल्म का नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। श्रीदेवी बंगलो में अरबाज खान भी नजर आएंगे। अपने गाने का टीजर रिलीज करने के बाद अब प्रिया ने अपना एक अट्रैक्टिव फोटो शूट कराया है, जिसमें अपनी अदा, मासूमियत और तीखे नैन-नक्श के बूते एक बार फिर जलवा बिखेरने जा रही हैं। फैंस को उम्मीद है कि इस अभिनेत्री का बॉलीवुड करियर भी शानदार साबित होगा।



# अदिति राव हैदरी बॉलीवुड का एक सुंदर पक्ष भी

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को लगता है कि बॉलीवुड का एक सुंदर पक्ष भी है। वह कहती हैं कि यह एक समावेशी जगह है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की 14 जून को हुई रहस्यमयी मौत के बाद से बॉलीवुड में 'इनसाइडर्स - आउटसाइडर्स' को लेकर बहस के बीच अदिति खुद को कैसे सकारात्मक रख रही हैं, इस पर अदिति ने कहा, मुझे विश्वास है कि एक दिन यह सुलझ जाएगा। कोई भी उद्योग दोष रहित नहीं है। हम भी इंसान हैं, हम भी गलतियां करते हैं, हम में भी कमियां हैं लेकिन निश्चित रूप से हमारी इण्डस्ट्री का एक सुंदर पक्ष भी है। अदिति ने आगे कहा, हम सभी एक साथ हैं, हम वफादार हैं, हम एक साथ खड़े हैं। वह कहती है कि भले ही उन्हें 'बाहरी' माना जाता है, लेकिन उन्हें ऐसा कहलाना पसंद नहीं है।

अदिति ने कहा, लोग आउटसाइडर-इनसाइडर की बात करते हैं। लेकिन मैं कह सकती हूं कि यदि मुझे कोई भी समस्या होती है तो ऐसे बहुत सारे लोग हैं जिन्हें मैं फोन कर सकती हूं। भले ही मुझे बाहरी व्यक्ति माना जाता है, फिर भी वे मेरी मदद करेंगे। लेकिन मैं खुद को बाहरी व्यक्ति मानना पसंद नहीं करती। मुझे लगता है कि इण्डस्ट्री एक समावेशी स्थान है। उन्होंने आगे कहा, हां, इण्डस्ट्री में किसी परिवार से संबंधित न होने के कारण हममें से कुछ लोगों के लिए कुछ समय चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन ऐसा केवल इसी इण्डस्ट्री में तो नहीं है। फिर हम क्यों केवल फिल्म इण्डस्ट्री की बात करते हैं मुझे लगता है कि यदि कुछ ऐसी चीजें हैं जिन पर गौर करने की जरूरत है, तो हमें उन पर ध्यान देना चाहिए, उन्हें बदलने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। अदिति को हाल ही में डिजिटल प्लेफॉर्म पर रिलीज हुई तेलुगू फिल्म 'वी' में नानी और सुधीर बाबू के साथ देखा गया। यह फिल्म एमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।



# स्टाइलिश अवतार में टीवी की संस्कारी बहू हिना खान

टीवी पर संस्कारी बहू के रूप में पहचान बनाने के बाद बड़े पर्दे पर डेब्यू कर चुकी हिना खान को उनके फैशनेबल अंदाज के लिए भी जाना जाता है। कई बार वह ऐसे कपड़ों में दिखाई दे जाती हैं कि उनका लुक बीटाउन हसीनाओं पर भी भारी पड़ जाता है। ऐसा ही कुछ तब हुआ जब हिना खान को मुंबई के सबर्ब्स में स्पॉट किया गया। इस दौरान वह स्टाइलिश अवतार में नजर आई। हिना ने ब्राउन कलर की ड्रेस पहनी थी, जिसकी लेंथ काफ ऐरिया तक थी। इस ड्रेस में फ्रंट पोर्शन पर चेस्ट से लेकर बॉटम तक ब्लैक बटन्स लगे थे। ऐसे ही बड़े बटन्स ड्रेस पर बनी साइड पॉकिट्स पर भी लगाए गए थे। इस ड्रेस में बेल्ट भी था, जो सिमिलर फैब्रिक से बना था। यह आउटफिट को हिना के कर्व्स पर परफेक्ट फिट देने में भी मदद करता दिखा। इस स्टाइलिश ब्राउन ड्रेस की नेकलाइन भी हटकर डिजाइन की थी। इसे डीप कट देते हुए, नेकलाइन को फ्लैप्स डिजाइन से डिफ्रेंट लुक दिया गया था। इसी डिजाइन को आउटफिट के आर्महोल्स ऐरिया पर भी दोहराया गया था। वहीं इसमें शोल्डर्स पर ब्लैक स्ट्रैप्स थे, जो बटन्स से मैच करते हुए उसे कूल लुक दे रहे थे। ड्रेस में फ्रंट में दी गई डिजाइन के कारण शॉर्ट स्लिट भी क्रिएट हो रही थी। हिना ने इस लुक के साथ ब्लैक स्ट्रैप हील्स पहनी थीं। इन लेदर हील्स के साथ उन्होंने एक पैर में सिल्वर ऐंकलेट भी पहना था। हिना ने अपनी जूलरी को कम से कम रखा था। उन्होंने ऐंकलेट के अलावा, सिर्फ कानों में लाइट वेट ईयररिंग्स पहने थे और हाथ में वह अपनी रिंग्स पहनी थीं। बात करें मेकअप की, तो यह थोड़ा हेवी लग रहा था। हिना के हेयर को स्ट्रेट रखते हुए उसमें साइड पर हेयरपिन लगाई गई थी। एक अन्य जगह अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी स्पॉट किया गया। उन्हें संजय लीला भंसाली के जुहू स्थिति ऑफिस के बाहर देखा गया था। इस दौरान उन्होंने लाइट पिंक कलर का कुर्ता-पजामा पहना था। इस पिंक कलर के सूट पर वाइट कलर की स्ट्राइप्स और एम्ब्रॉइडरी थी। आलिया ने इसे वाइट हील्स और वॉच से मैच किया था।

# अभिनेत्री शालिनी पांडे को मिला नया साथी 'डॉगी'

बॉलीवुड अभिनेत्री शालिनी पांडे को एक नया साथी 'डॉगी' मिल गया है। वह हमेशा एक पेट पालना चाहती थी। इस बारे में शालिनी ने कहा कि मैं हमेशा से एक पेट पालना चाहती थी, यहां तक की जब मैं छोटी थी, तब मेरे दादा के घर 3 डॉग हुआ करते थे। मैं हमेशा से अपना साथी चाहती थी, मैं जानवरों से जुड़ा हुआ महसूस करती हूं। मेरे पप्स का नाम 'एजे' है और वह 3 महीने की है। उसे घर लाते वक्त मैं बहुत अमेजिंग महसूस कर रही थी। अभिनेत्री ने अपने पेट का नाम एजे रखने के पीछे की वजह को साझा किया उन्होंने कहा कि द क्वीन नामक सीरीज है, जिसे कुछ समय पहले मैने देखा था। मुझे यह बहुत पसंद आया। सीरीज में एक छोटी लड़की है जिसका नाम एजे है, उसका पूरा नाम एम्बर जैस्मीन था, लेकिन मैंने दोनों के पहले अक्षर का उपयोग करके इसे एजे कर दिया। बता दें कि अभिनेत्री ने बॉलिवुड में फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' से कदम रखा था।



# कमल हासन ने किया अपनी 232वीं फिल्म का एलान

दिग्गज अभिनेता कमल हासन ने अपने अपनी 232वीं फिल्म की घोषणा की है। उनकी इस परियोजना को फिलहाल 'कमलहासन232' कहा जा रहा है। इस प्रख्यात फिल्मकार ने कहा कि एक और सफर की शुरूआत। उन्होंने एक पोस्टर भी साझा किया है, जिसमें लिखा है कि कभी यहां एक भूत रहता था। इसमें बंदूकों से एक आदमी की तस्वीर बनाई गई है। इस फिल्म को लोकेश कनगराज हैं और अनिरुद्ध रविचंदर इसके कंपोजर हैं। अनिरुद्ध भी सोशल मीडिया पर अपने रोमांच को साझा करते हुए लिखा कि लोकेश कनगराज के निर्देशन में कमल हासन सर की फिल्म को संगीत देने के लिए बेहद उत्साहित हूं। हैशटैगकमलहासन232। बता दें कि अभिनेता के प्रशंसकों ने उनके इस पोस्ट पर तुरंत अपनी प्रतिक्रिया दीं। एक ने लिखा कि बहुत बहुत बधाई सर। इसका इंतजार रहेगा।



# अभिनेता नहीं बनना चाहते थे गुरु दत्त

बॉलीवुड अभिनेता गुरु दत्त को प्यासा और कागज के फूल जैसी उनकी फिल्मों से याद किया जाता है। फिल्म डायरेक्शन के अलावा गुरु दत्त ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया और वाहवाही लूटी। मगर गुरु दत्त का फिल्मों में काम करने का मन कभी भी नहीं था। वे कैमरा कभी भी फेस नहीं करना चाहते थे। उन्हें प्यासा जैसी फिल्मों में भी काम बड़े इत्तेफाक से ही मिला था। पहले ये रोल दिलीप कुमार करने वाले थे। मगर वे उस समय देवदास की शूटिंग कर रहे थे। दिलीप कुमार को जब ये रोल ऑफर हुआ तो उन्हें लगा कि ये रोल देवदास के रोल के जैसा ही है। इस वजह से उन्होंने इस फिल्म में काम करने से इंकार कर दिया। बाद में खुद गुरु दत्त ने इस भूमिका को जानदार तरीके से निभाया। इसी दौरान वहीदा रहमान के साथ उनके अफेयर की खबरें भी खूब सुर्खियों में रही थीं। ऐसा ही साहेब बीवी और गुलाम के साथ भी देखने को मिला। फिल्म में पहले शशि कपूर लीड रोल प्ले करने वाले थे। मगर किसी वजह से वे ये रोल पूरा नहीं कर सके। ऐसे समय में गुरु दत्त ने फिर से एक बार अभिनय का जिम्मा उठाया और यह फिल्म जबरदस्त हिट रही। गुरु दत्त की पत्नी गीता दत्त बेहतरीन सिंगर थीं। मगर फिल्म साहब बीवी और गुलाम में उन्होंने वहीदा रहमान के लिए गाना गाने से इंकार कर दिया था। इसके बाद आशा भोसले से वहीदा के लिए गाने गवाए गए थे। गुरु दत्त पेशेवर लाइफ में जितने सफल रहे उतनी ही दर्दनाक उनकी निजी जिंदगी रही। गीता दत्त के साथ उनकी शादी शुदा जिंदगी भी काफी उतार-चढ़ाव से भरी रही। गुरु दत्त का काफी कम 39 साल की उम्र में में ही निधन हो गया। इसके पीछे उनकी शराब की लत को जिम्मेदार बताया गया था।





# एमबीए हैं कीकू शारदा



**द कपिल शर्मा शो में कॉमेडी का तड़का लगाने वाले किरदारों में कीकू शारदा का नाम टॉप पर है। शो में बच्चा यादव के किरदार में नजर आने वाले कीकू शारदा के जोक्स के सभी फैन हैं। कपलि शर्मा शो का कोई भी एपसिोड कीकू शारदा के जोक्स के बिना पूरा नहीं होता है। कीकू शारदा लंबे वक्त से टीवी की दुनिया से जुड़े हैं। उनके कई कॉमिक रोल पॉपुलर हैं लेकिन ये बात कम ही लोग जानते हैं कि कीकू शारदा एमबीए पासआउट हैं।**

कॉमिडयिन कीकू शारदा 2003 में सबसे पहले शो हातिम में नजर आए थे। कीकू मारवाड़ी परविार से हैं। उनका परविार राजस्थान का रहने वाला है। कीकू शारदा की पढ़ाई मुंबई में हुई है, उन्होंने बिजनेस एडमिस्ट्रेशन से ग्रेजुएशन किया है, उनके पास एमबीए की डिग्री भी है। कॉलेज के दनिों से ही कीकू शारदा को एक्टिंग का शौक रहा है। यही वजह है कि बजिनेस फैमिली से होने के बावजूद कीकू इंडस्ट्री में कामयाब एक्टर हैं। कीकू ने बताया कि जब मैंने थियेटर शरू किया तब सबने कहा था कि ये सही नहीं है। दोस्तों ने कहा कि उन्होंने अपनी डिग्री बेकार कर दी लेकिन मैंने अपना पैशन नहीं छोड़ा। कीकू ने कहा, स्कूल के दनिों से मैं ड्रामा में हस्सिा लेता रहा हूं। घर में जब बताया तो पापा ने कहा कि पहले पढ़ाई पूरी करो। इस बात को मैं भी मानता हूं। मैंने एमबीए पूरा किया। फिर टीवी में एंट्री की। कीकू शारदा की पर्सनल लाइफ भी बेहद खुशनुमा है। साल 2003 में उन्होंने प्रियंका शारदा से शादी की थी। उनके दो बेटें हैं। अपने परिवार के साथ कीकू शारदा कई बार वेकेशन की तस्वीरें सोशल मीडयिा पर शेयर करते हैं।

# ड्रग्स मामले में दो खेमों में बंटा बॉलीवुड जगत

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद जिस तरह से ड्रग्स के कनेक्शन में बॉलीवुड के कुछ नाम सामने आए हैं, उसके बाद से इस मामले पर फिल्म इंडस्ट्री में बवाल जारी है। संसद तक में इसकी गूंज सुनाई पड़ी और ड्रग्स मामले में बॉलीवुड भी दो खेमों में बंट गया है। बॉलीवुड अभिनेता और लोकसभा सांसद रवि किशन और राज्यसभा सांसद जया बच्चन के बीच बयानबाजी देखने को मिली। इस बीच रवि किशन ने एक बार फिर से देश की जवानी को ड्रग्स से बचाने की अपील की है। रवि किशन ने कविता वाले अंदाज में ट्वीट किया और कहा, 'रोक दो नशे के दरिया में, बहते हुए पानी को। अभी भी वक्त है, बचा लो देश की जवानी को। वक्त रहते जो न जागे तुम, तो अनर्थ हो जाएगा।नशे की लत से तुम्हारा, सारा जीवन व्यर्थ हो जाएगा।। रवि किशन ने कहा कि मैं रेंगकर ऊपर आया हूं। मैंने थाली में छेद नहीं किया है। जया जी से ये उम्मीद नहीं थी। रवि किशन ने कहा कि मैं सेंट्रल हॉल में उनके पैर छूता हूं। हमें लगा था कि वो समर्थन देंगी। जया जी ने मेरा वक्तव्य सुना ही नहीं। दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म इंडस्ट्री को एक प्लान के तहत खत्म किया जा रहा है। हमें इस इंडस्ट्री को बचाना है। फिल्म इंडस्ट्री के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में, यह सिर्फ मेरा अधिकार नहीं है, बल्कि संसद में इसे उठाना मेरा कर्तव्य है और जया जी को इसका सम्मान करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा जिन लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री से नाम कमाया, वे इसे गटर बता रहे हैं। मैं इससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मैं सरकार से अपील करती हूं कि वो ऐसे लोगों से कहे कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें। उन्होंने एक वक्त ऐसे लोगों के लिए कहा कि 'जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं।' राज्यसभा में जया बच्चन ने कहा कि मनोरंजन जगत हर दिन 5 लाख लोगों को सीधे तौर पर रोजगार देती है। ऐसे वक्त में जब अर्थव्यवस्था बेहद बुरी हालत में है, लोगों का ध्यान हटाने के लिए हमें बॉलिवड सोशल मीडिया पर निशाना बनाया जा रहा है।







# एमपी उपचुनाव प्रचार में जुटी बीजेपी, कांग्रेस की दूसरी लिस्ट लेकर दिल्ली रवाना हुए कमलनाथ

**भोपाल।** 22 सितंबर तक हो सकती है कांग्रेस की दूसरी सूची के प्रत्याशियों के नाम। भाजपा में कांग्रेस छोड़कर आने वाले सभी पूर्व विधायकों को टिकट मिलना तय। मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में प्रत्याशियों के चयन के मामले में कांग्रेस भाजपा से आगे हो चुकी है। अब तक भाजपा अधिकारिक तौर पर अपने एक भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं कर सकी है, जबकि कांग्रेस 15 नाम तय कर चुकी है। अब 12 और प्रत्याशियों के नाम के चयन के लिए प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ दिल्ली रवाना हो गए हैं। 22 सितंबर तक इन 12 नामों की घोषणा हो सकती है। हालांकि, कांग्रेस के नाराज नेता और पूर्व मंत्री महेंद्र बौद्ध ने पार्टी के अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने दतिया जिले की भांडेर से फूल सिंह बरैया को टिकट दिए जाने का विरोध किया है। इधर, मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा का कहना है कि नाम तय हो चुके हैं। जल्द ही



पार्टी उनकी घोषणा कर देगी। इसके साथ ही पूरी कार्यकारिणी का भी ऐलान किया जाएगा। हालांकि भाजपा ने नामों की घोषणा किए बिना ही चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कांग्रेस पहली सूची में 15 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। शेष 13 सीटों में से ब्यावरा को छोड़कर सभी 12 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं। रविवार को दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक और पार्टी के प्रमुख नेता कमलनाथ, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को यह सूची देंगे। हालांकि, इस बार भी नामों को तय करने में कमलनाथ की ही पसंद को तरजीह दी जा सकती है। उधर, भाजपा में सीटों के लिए नाम तय हो चुके हैं, लेकिन वह घोषणा करने से बच रही है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए सभी पूर्व विधायकों को टिकट मिलना तय है। पार्टी के सामने नामों की घोषणा नहीं करने की सबसे बड़ी समस्या पूर्व विधायकों का विरोध है। जौरा, आगर और ब्यावरा समेत कुछ सीट के लिए प्रत्याशी चयन को लेकर मेहनत करनी पड़ रही है।



## मप्र के बैतूल में किसानों से भद्दा मजाक फसल बीमा के नाम पर मिला एक रुपया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बैतूल फसल बीमा राशि के नाम पर किसानों से छल किया जा रहा है। जिले के हजारों किसानों के खातों में 100 या 50 रुपए से भी कम बीमा राशि आई है। हद तो तब हो गई जब गोधना गांव के एक किसान के खाते में बीमा राशि केवल एक रुपया आया। किसान इसे धोखा मान रहे हैं और वे सरकार को यह राशि वापस करने की तैयारी में हैं। अपने साथ किए जा रहे छलावा के खिलाफ किसान प्रदर्शन भी शुरू कर चुके हैं। प्रदेश सरकार ने बड़े जोर-शोर से सूबे के 22 लाख से ज्यादा किसानों को फसल बीमा की राशि दी। इसमें हास्यास्पद बात यह रही कि कुछ किसानों के हिस्से महज एक रुपए की राशि आई। बैतूल के गोधना गांव के रहनेवाले किसान पूरनलाल का नाम ऐसे ही किसानों में एक है। उन्होंने एक हजार 50 रुपए बीमा प्रीमियम अदा किया था, लेकिन उन्हें इनके हिस्से बीमा राशि केवल एक रुपए आई। बीमा राशि की जानकारी मिलते ही पूरनलाल सदमे में आ गए। पूरनलाल बताते हैं कि ढाई हेक्टेयर के रकबे में लगभग एक लाख की फसल खराब हुई थी। पूरनलाल की तरह ऐसे कई किसान हैं, जिनके खातों में बीमा की राशि 100 रुपए या 50 रुपए से भी कम आई है। किसान इस भद्दे मजाक से दुखी हैं और आक्रोशित भी। गोधना गांव के ही किसान पवन के मुताबिक एक-दो रुपए की बीमा राशि उन्हें देकर अपमानित किया गया है। इस राशि को वो सम्मान के साथ सरकार को लौटा देंगे। फसलों के नुकसान के एवज में मिली बीमा राशि को लेकर कृषि विभाग के पास भी सही जानकारी उपलब्ध नहीं है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक बीमा कम्पनी द्वारा नुकसान का आकलन करने का अपना तरीका है। लेकिन जिन किसानों के खातों में 200 रुपए से कम राशि आई है, उनकी लिस्ट दोबारा बीमा कम्पनी को भेजी जा रही है। बैतूल जिले में कुल 64 हजार 893 किसानों को फसल बीमा की राशि दी गई है। इसके लिए 81 करोड़ 71 लाख की राशि जारी की गई थी।

## उच्चतम न्यायालय के लिए किसी महिला न्यायाधीश को नामित करेंगे ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश रूथ बी गिन्सबर्ग के निधन के बाद रिक्त हुए पद के लिए किसी महिला उम्मीदवार को नामित करेंगे। ट्रंप ने शनिवार को उत्तरी कैरोलिना में एक चुनावी रैली में समर्थकों से कहा, मैं अगले सप्ताह किसी को नामित करूंगा। मैं कह सकता हूं कि यह एक महिला होगी। कोई अगर मुझसे अभी पूछे तो मैं कहूंगा कि एक महिला पहले स्थान पर होंगी। गिन्सबर्ग का कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं। अमेरिका की शीर्ष अदालत में न्यायाधीश के पद पर पहुंचने वाली गिन्सबर्ग दूसरी महिला थीं। उन्होंने पूरी जिदंगी लैंगिक समानता की वकालत की और उनकी ख्याति सतर्क और संयमित न्यायाधीश की रही। ट्रंप ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया को ले कर हमारे मन में बेहद सम्मान है। यह अनेक बार हो चुका है और आप जानते हैं कि हर बार किसी को नामित किया गया है, और कई बार ऐसा हुआ कि यह राष्ट्रपति चुनाव वाले वर्ष में हुआ। उन्होंने कहा कि अब तक किसी चुनाव वर्ष में उच्चतम न्यायालय के लिए 29 न्यायाधीश नामित किए जा चुके हैं।

## तेज हवा से और भड़की कैलिफोर्निया के जंगल की आग, लोगों से घर खाली करने का निर्देश

**जूनिपर हिल्स।** लॉस एंजिल्स के पूर्वोत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों पर स्थित जंगल में करीब दो सप्ताह से लगी आग शनिवार को तेज हवा के चलते और भड़क गयी और नीचे की तरफ बढ़ रही है। प्रशासन ने अब क्षेत्र के लोगों से इलाके को खाली करने को कहा है। आग की वजह से इलाके के कुछ घर भी जल गए हैं। इस बीच अधिकारी एक दमकल कर्मी की मौत की जांच में जुटे हैं। यह वैसी ही घटना थी जैसी इस महीने के शुरू में दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में पायरोटेक्निक उपकरण से लगी थी। उस उपकरण का इस्तेमाल एक दंपत्ति अपने बच्चे के प्रसव-पूर्व लिंग का पता लगाने के लिए कर रहे थे।



अमेरिकी वन सेवा ने एक बयान में कहा कि लॉस एंजिलिस से करीब 120 किलोमीटर दूर सैन बर्नार्डिनो राष्ट्रीय वन में बृहस्पतिवार को दमकलकर्मी की जान गई जब उनका दल एल डोराडो की आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा था। उत्तरी लॉस एंजिलिस काउंटी में अग्निशमन कर्मी शनिवार को घरों को बचाने में जुटे थे। तेज हवा के चलते बॉबकैट आग नीचे की तरफ फैली जहां लोग रहते हैं। बॉबकैट दरअसल कैलिफोर्निया के उस क्षेत्र का नाम है जहां इस साल छह सितंबर से ही आग लगी हुई है। करीब 368 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली इस पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं। अग्निशमन प्रवक्ता एंड्रू मिशेल ने बताया कि उस क्षेत्र के सभी लोगों को वहां से चले जाने का आदेश दिया गया है, वहां करीब 4000 लोग रहते हैं।

## मप्र के धावड़िया नदी के झरने में डूबने से युवक की मौत, तलाश में जुटी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के धूलकोट के ग्राम बसाली और इसराम फालिया के बीच धावड़िया नदी के झरने पर शनिवार शाम को पिकनिक मनाने व नहाने आए युवकों में से एक युवक डूब गया। युवक की तलाश जारी है, लेकिन उसका अभी पता नहीं चला है। पुलिस के अनुसार खंडवा के लाल चौकी निवासी विनोद पुत्र रामचंद्र मोसले (26) शनिवार को अपने अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बसाली के झरने पर आया था। यहां पर शाम करीब चार बजे नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। उसे डूबता देख अन्य दोस्तों ने शोर मचाया, लेकिन उसे बचा नहीं पाए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल सका। रविवार को भी युवक की तलाश जारी है। यहां पर अलसुबह से पुलिस गोताखोरों का दल रेस्क्यू कर रही है। गौरतलब है कि करीब 70 फीट ऊंचाई से गिर रहे झरने पर नहाने और यहां के प्राकृतिक नजारों के बीच पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में खंडवा, बुरहानपुर व खरगोन से लोग यहां पर आते हैं। फेसबुक व अन्य सोशल साइट्स पर इस झरने व यहां के प्राकृतिक नजारों की फोटो अपलोड होकर प्रसारित होने से यहां पर्यटकों की निरंतर आवाजाही बढ़ रही है। बावजूद यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने यहां पर शराब के नशे में आने वाले युवकों व पर्यटकों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### नवाज शरीफ ने सेना के खिलाफ खोला मोर्चा

## इमरान खान नहीं, उसे सत्ता में बिठाने वालों के खिलाफ संघर्ष

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने विपक्ष की रैली में देश की राजनीति पर कब्जा जमाए बैठी सेना के खिलाफ मोर्चा खोला। लंदन में इलाज करा रहे नवाज शरीफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विपक्ष का साझा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुकाबला इमरान खान से नहीं, उन्हें सत्ता में बिठाने वाले लोगों से है। उन्होंने इमरान खान को जितवाने के लिए चुनाव में हेराफेरी का भी आरोप दोहराया। गौरतलब है कि इमरान खान को पाकिस्तान सेना की कठपुतली के रूप में जाना जाता है। नवाज शरीफ ने कहा, हमारा मुकाबला इमरान खान से नहीं है, मैंने चुनाव से पहले भी कहा था और आज भी कह रहा हूं, आज हमारी जद्दोजहद इमरान खान को लाने वालों के खिलाफ है, जिन्होंने इस तरह चुनाव चोरी करके ऐसे नाकाबिल बंदे को बिठाया है और मुल्क को बर्बाद कर दिया है। नवाज शरीफ ने कहा, यदि बदलाव नहीं लाया गया तो देश का ऐसा नुकसान होगा जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। यह बहुत जरूरी है कि सेना सरकारी सिस्टम से दूर रहे। हमारे संविधान और कायदे-आज़म के भाषण के मुताबिक लोगों की पसंद में सेना दखलअंदाजी ना करे। हमने इस देश को अपनी और दुनिया की नजरों में जोक बना दिया है। मंच के लिए पीपीपी चेयरपर्सन बिलावल भुट्टो जरदारी को शुक्रिया कहते हुए नवाज शरीफ ने कहा, मैं देश में नहीं हूं लेकिन जानता हूं कि देश और लोग किस हालात में हैं।

### स्पा सेंटर में कैटवॉक कर पसंद करवाई जाती हैं लड़कियां, तीन वीडियो वायरल

**आगरा।** स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार होता है। आगरा में एक स्पा सेंटर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें बाकायदा ग्राहक के सामने युवतियों की कैटवॉक कराई जाती है। ताकि वह पसंद कर ले कि किससे मसाज करानी है।

## आजीविका मिशन के महिला समूहों को 09 करोड़ रुपये का ऋण वितरण

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा गरीब कल्याण सप्ताह के अंतर्गत 20 सितम्बर 2020 को मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन विभाग श्री रामकिशोर ÷नानो'' कावरे के मुख्य आतिथ्य में आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूहों को ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट बालाघाट के सभाहाल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत प्रधान श्रीमती रेखा बिसेन ने की । इस कार्यक्रम में मंत्री श्री कावरे के हाथों महिला समूहों को 09 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल में दिये गये संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालाघाट के प्रधान श्री पूरनलाल ठाकरे, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती उमा महेश्वरी, अपर कलेक्टर श्री फ्रेंक नोबल ए, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री दिगम्बर भोयर, राष्ट्रीय ग्रामीण आजविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री ओमप्रकाश बेदुआ, जनपद पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गायत्री कुमार सारथी, बैंक अधिकारी एवं जिले के सभी विकासखंड से आयी स्वं सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष मंत्री श्री कावरे इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में पहले बेटी के जन्म पर खुशियां नहीं मनाई जाती थी, बेटी का जन्म होने पर परिवार में मायूसी छा जाती थी। लेकिन अब वक्त बदल गया है और बेटी के जन्म को अभिशाप नहीं समझा जाता है, बल्कि बेटी के जन्म पर परिवार में खुशियां मनायी जाती है। यह सब संभव हुआ है मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बनायी गई योजनाओं के कारण। मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया। बेटियों को स्कूल में पढ़ने के लिए गणवेश से लेकर साईकिल तक दी गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। मंत्री श्री कावरे ने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से मध्यप्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया गया है। महिलायें समूह बनाकर रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़ रहीं है और अपने परिवार के लिए आय अर्जित कर रही है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं में नये आत्म विश्वास का संचार हुआ है और वे संगठित हुई है। महिलाओं ने संगठन की शक्ति को पहचाना है और निरंतर आगे बढ़ रही है। मंत्री श्री कावरे ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार महिला समूहों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव मदद करेगी। आज बालाघाट जिले के समूहों को लगभग 09 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने व्यवस्था बना दी है कि समूह को दिये गये ऋण पर समूह की महिलाओं से मात्र 04 प्रतिशत ब्याज ही लिया जायेगा। शेष ब्याज प्रदेश सरकार देगी। महिलायें बैंक से प्राप्त ऋण का उपयोग अपने कार्यों को आगे बढ़ाने में करें और अन्य समूहों के लिए एक उदाहरण पेश करें। प्रदेश सरकार महिला समूहों को रोजगार के लिए पैसों की कमी नहीं देगी। समूहों से जुड़ी महिलायें संगठित होकर रोजगारमूलक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास कों। मंत्री श्री कावरे ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान आजीविका मिशन की महिलाओं ने बहुत अच्छा काम किया है। समूह की महिलाओं ने मास्क, सेनेटाईजर, साबुन बनाकर इस महामारी के संकट में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। लाकडाउन के समय में भी आजीविका बाजार के माध्यम से जरूरी सामग्री की पूर्ति की है। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रधान श्रीमती रेखा बिसेन ने दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में बहुत जागरूकता आयी है।

## पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा का सुरसा, बिलग्राम व साण्डी आदि थानों का आकस्मिक निरीक्षण जानिए क्या निर्देश दिए हरदोई कप्तान ने सम्बंधित थानों में

1-थाना क्षेत्र के समस्त भूमि विवाद के संबंध में राजस्व विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर संबंधित को अनिवार्य रूप से पाबंद कराएं तथा प्रकरण भूमि विवाद रजिस्टर में अंकित कराएं।
2-लंबित विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समय से करने हेतु निर्देश दिए।
3-थाना परिसर, की बैरिक, आवास, मेस, टॉयलेट आदि की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।
4-लावारिस वाहन व माल निस्तारण की कार्यवाही कराने हेतु निर्देश दिए गये।
5-थानों के टॉप 10 अपराधियों पर कार्यवाही व महिला संबंधी अपराध में विशेष संवेदनशील होकर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए।
6- गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।
7- कोविड हेल्प डेस्क तथा प्रार्थना पत्रों का समय बद गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए
8- जनपद में वांछित वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।
09-थाना पर आने वाले फरियादियों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो तथा जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।



रितु सिंह
हरदोई / स्वास्थ मिशन के माध्यम से महिलाओं को काफी तादात में मिला नया रोजगार का साधन

## नेपाल में चीनी सेना की घुसपैठ की रिपोर्ट के बीच ड्रैगन ने फेंका दोस्ती वाला जाल, शी जिनपिंग ने भेजा यह मैसेज

**बीजिंग काठमांडू।** चीन ने एक बार फिर नेपाल को मोहने के लिए बड़ी-बड़ी बातें की हैं, उसे विकास और मजबूत रिश्तों का सपना दिखाया है। नेपाल के संविधान दिवस के बहाने चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग और प्रधानमंत्री ली केकियांग ने नेपाली समकक्षों को मैसेज भेजा है। दूसरी तरफ आज ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि चीनी सेना ने नेपाली क्षेत्र में अतिक्रमण करके कई इमारतों को निर्माण कर लिया है।

नेपाली न्यूज वेबसाइट कांतिपुर के मुताबिक, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि वह नेपाल-चीन संबंधों के विकास को बहुत महत्व देते हैं और इससे विभिन्न क्षेत्रों में आपसी संबंध और व्यावहारिक सहयोग विकसित होगा। उन्होंने रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर अपने समकक्ष बिद्यादेवी भंडारी को एक बधाई संदेश भेजकर ये बातें कहीं। शी ने पिछले साल उनके और राष्ट्रपति भंडारी की आपसी यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने मैत्रीपूर्ण रणनीतिक साझेदारी के राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाया। शी ने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ दोनों देशों के सहयोग ने आपसी मित्रता को और मजबूत व गहरा किया है। उन्होंने कहा, ÷चीन-नेपाल संबंधों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को और विकसित करने और दोनों



देशों के लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने की इच्छा है। चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग ने रविवार को अपने समकक्ष केपी शर्मा ओली को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नेपाल और चीन पारंपरिक रूप से मित्रवत पड़ोसी हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। ली ने यह भी कहा कि महामारी के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में लड़ाई में नेपाल के साथ सहयोग बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, चीन नेपाल के साथ विकास और समृद्धि-उन्मुख रणनीतिक सहयोग, साझेदारी को और गहरा करना चाहता है।

**चीन ने नेपाल की जमीन पर किया कब्जा**-इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि नेपाल के हुम्ला जिले में चीनी सेना ने जमीन पर कब्जा करके वहां 9 इमारतों का निर्माण कर लिया है। हुम्ला जिले के नाम्खा गांव में चीन ने ना सिर्फ इमारतों का निर्माण किया, बल्कि अब वहां नेपाली नागरिकों को जाने से रोक रहा है। गांवपालिका के अध्यक्ष विष्णु बहादुर लामा सीमावर्ती क्षेत्र में घूमने गए तो वे अतिक्रमण देखकर हैरान रह गए। उन्होंने बताया कि लिमी गांव के लाप्चा क्षेत्र में चीनी सेना ने इन इमारतों का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि चीनी सैनिकों ने सीमा के एक किलोमीटर अंदर आकर इन भवनों का निर्माण किया है। दो महीने पहले ही चीन की ओर से नेपाल के गोरखा जिले के रूई गांव पर कब्जे की खबर आई थी लेकिन नेपाल की ओली सरकार ने आंखें मूंदकर इससे इनकार कर दिया था।

दैनिक पुष्पांजली टुडे





क्रोएशिया में क्रोएशिया की इवाना रुडिलिस यूईएफए महिला यूरो कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मुकाबले में खेलती हुई।

## नस्लीय टिप्पणी: टेनिस स्टार गेल मोनफिल्स इटैलियन ओपन में हारे, फैन्स ने उन्हें वेबकूफ और बंधुआ तक कह दिया

- ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को भी 2016 में चैलेंजर टूर पर फैन्स के खराब टिप्पणी का सामना करना पड़ा था
- इटैलियन ओपन में डोमिनिक कोएफर ने 6-2 6-4 से गेल मोनफिल्स को हराया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

फ्रांस के टेनिस स्टार गेल मोनफिल्स को इटैलियन ओपन में हार के बाद फैन्स के गुस्से का सामना पड़ा। उन्हें डोमिनिक कोएफर ने 6-2, 6-4 से हराया था। गेल मोनफिल्स ने कहा कि इटैलियन ओपन मे हारने के बाद उन पर फैन्स ने नस्लीय टिप्पणी की। इंस्टग्राम पर एक फैन्स ने उन्हें बेवकूफ और बंधुआ कहा। मोनफिल्स ने कहा- मैंने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। लेकिन, मैं कामयाब नहीं रहा। इसके अलावा जो कुछ हुआ वो भी ठीक नहीं था। गेल का इशारा फैन्स के कमेंट्स की तरफ था।



### फैन्स ने कहा-आप टॉप टेन में रहने के योग्य नहीं

एक अन्य फैन ने मोनफिल्स के हार के बाद कहा कि आप टॉप टेन में रहने के योग्य नहीं है। मोनफिल्स का भी वर्तमान वर्ल्ड रैंकिंग 9 है। वे 2016 में अपने करियर के बेस्ट रैंकिंग 6 पर थे। उन्होंने अपने करियर में 10 टाइटल भी जीते हैं।

### तंज का सिलसिला पुराना

ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को पिछले साल चैलेंजर टूर में फैन्स के टिप्पणी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था, चैलेंजर टूर के पहले मैच से मुझे बहुत ही खराब टिप्पणी मिल रही है। लेकिन मैं उन्हें गंभीरता से नहीं लेता। आपको इसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। केविड एंडरसन को भी इस तरह की गलत बातों का सामना करना पड़ा है। साल 2016 में उन्होंने कहा था कि विंबलडन में पहले दौर में ही हार का सामना करने पर मौत की धमकी मिल रही है।

## न्यूज. ब्रीफ

### इटालियन ओपनः बोपन्ना-शापोवालोव बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार कनाडा के डेनिस शापोवालोव इटालियन ओपन टेनिस के पुरूष युगल क्वार्टर फाइल में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। बोपन्ना और शापोवालोव को फ्रांस के जेरेमी चार्डी और फेब्रिस मार्टिन की जोड़ी ने 6- 4, 5-7, 7-10 से हराया। वहीं इससे पहले बोपन्ना और शापोवालोव ने दूसरे दौर के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त जुआन सेबेस्टियन काबाल और कोलंबिया के राबर्ट फाराह को हरा

### हरिकृष्णा ने कार्लसन को हराया

**चेन्नई ।** भारत के पी हरिकृष्णा सेंट लुईस रैपिट और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे हैं। हरिकृष्णा ने इस टूर्नामेंट में नौंवें के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन को हराया पर बाद में लगातार चार मुकाबले हारकर अंक तालिका में नीचे खिसक गये। वह आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन के साथ छटे स्थान पर हैं जिनके 3.5 अंक हैं। वहीं कार्लसन 18.5 अंक लेकर शीर्ष पर है। हरिकृष्णा ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को ब्लिट्ज के तीसरे दौर में 63 चालों में हराया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के जैफरी शियोंग को भी शिकस्त दी पर इसके अलावा चार मुकाबले हारने और तीन ड्रा रहने से निचले क्रम पर ही रह गये। उन्हें अमेरिका के लेइनियेर डोमिनिगेज और वेसले, रूस के अलेक्जेंडर ग्रिसहुक और ईरान के अलीरजा फिरोजा ने हराया।

### लोरेंजो ने इटालियन ओपन टेनिस में निशिकोरी को हराया

**रोम।** इटली के युवा खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ ही दूसरे दौर में जगह बना ली है। लोरेंजों ने एटीपी टूर के इस दूसरे के मैच में जापान के केई निशिकोरी को लगातार सेटों में 6-3 6-4 से हराया। मुसेटी ने इससे पहले विश्व के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के स्टेनिस्लास वावरिंका को लगातार सेटों में हराया था। मुसेटी ने इस तरह टॉप पांच के दो पूर्व खिलाडि़ों को लगातार मैचों में शिकस्त दे दी है। मुसेटी ने निशिकोरी को हराकर एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। लोरेंजो ने वर्ष 2019 में पेशेवर खिलाड़ी बनने से पहले जूनियर के रूप में 2019 में ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता था। मुसेटी का अगला मुकाबला जर्मनी के क्वालीफायर डोमिनिक कोफेर से होगा। वहीं 12वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने क्वालीफायर पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। शापोवालोव का क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाने के लिए फ्रांस के यूगो हम्बर्ट से मुकाबला होगा। शापोवालोव पिछले सप्ताह अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

### स्वीडन के पोल वॉल्टर ने बनाया रिकार्ड

**रोम।** स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड डुप्लांटिस ने एक नया रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही डुप्लांटिस ने सर्जेइ बुबका का 26 साल पुराना आउटडोर विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। डुप्लांटिस ने गोल्डन गाला पियेत्रो मेनिया मीट में अपने दूसरे प्रयास में ही छह मीटर 15 सेंटीमीटर की छलांग लगाकर सर्जेइ का छह मीटर 14 सेंटीमीटर का रिकार्ड तोड़ा जो उन्होंने जुलाई 1994 में बनाया था। सर्जेइ ने इससे पहले 6.18 मीटर का इंडोर विश्व रिकार्ड फरवरी में ग्लासगो में बनाया था।

### वेसली ने कार्लसन को हराकर खिताब जीता

**सेंट लुईस।** अमेरिका के वेसली सो ने यूएसए रैपिड शतरंज के अंतिम दौर में विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन को हराकर खिताब अपने नाम किया है। तीसरे दिन सातवें दौर में कार्लसन ने 9 अंको के साथ शुरूआत की और फीडे के अलीरेजा फिरौजा को हराकर खिताब की ओर कदम बढ़ा दिये पर इसके बाद पहले अमेरिका के जेफ्री जियांग ने उन्हे ड्रॉ पर रोका और आखिरी दौर में अलेक्जेंडर ग्रीसहुक ने उन्हें हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इस हार से कार्लसन 12 अंको पर ही रुक गए। वही वेसली सो ने रूस के नेपोंनियची से ड्रॉ खेला पर उसके बाद पहले अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और फिर भारत के पेंटाला हरिकृष्णा को शिकस्त देते दिन में कुल 5 अंक बनाकर कुल 13 अंकों के साथ विजेता बने।

| आईपीएल 2020: दिल्ली केपिटल्स और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच भिंडत आज |

# किंग्स इलेवन पंजाब की किस्मत बदलेंगे नए कप्तान केएल राहुल

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब की बागडोर केएल राहुल को सौंपी गई है। वहीं इस टीम के मुख्य कोच अनिल कुंबले हैं। इसलिए इस बार किंग्स इलेवन पंजाब के फैंस को काफी अधिक उम्मीदें हैं। केएल राहुल के लिए बतौर कप्तान ये पहला आईपीएल सीजन होगा और सभी की नजरें उनपर टिकी होंगी। पंजाब ने इस सीजन में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे ग्लेन मैक्सवेल को टीम में शामिल किया है। मगर वह पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में पंजाब की टीम के लिए पहला मैच जीतना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, क्योंकि पहले मैच में उनका सामना अय्यर की कप्तानी की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स से होने वाला है। वहीं एक बार फिर पंजाब की टीम अपने शुरूआती बल्लेबाजों पर निर्भर नजर आ रही है। मुंबई व पंजाब की टीम अभी तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है। ऐसे में दोनों टीमें इस बार हर हाल में बेहतरीन प्रदर्शन करने की कवायद करेगी। ये दोनों टीमें आईपीएल में 24 बार आमने-सामने आई हैं। जिसमें किंग्स इलेवन पंजाब ने 14 बार जीत दर्ज की है और दिल्ली कैपिटल्स ने 10 बार मैच जीते हैं।

रविचंद्रन अश्विन की ट्रेडिंग के बाद किंग्स इलेवन पंजाब की कमान टीम इंडिया के स्टाइलिश क्रिकेटर केएल राहुल को सौंपी गई है। किंग्स इलेवन पंजाब आईपीएल की उन चुनिंदा टीमों में से एक है, जो अबतक एक बार भी खिताब नहीं जीत सकी है। कोलकाता में हुई आईपीएल 2020 नीलामी में किंग्स इलेवन पंजाब ने भारी राशि खर्च की थी। उन्होंने डेविड मिलर, एंड्रू टाई, सैम कुरेन को रिलीज किया और 9 खिलाड़ियों को नीलामी में खरीदा। इनमें प्रभसिमरन सिंह (55 लाख), क्रिस जोर्डन (3 करोड़), तेजेंद्र ढिल्लन (20 लाख), जेम्स नीशाम (50 लाख), दीपक हुड्डा (50 लाख), इशान पोरेल (20 लाख), रवि बिश्नोई (2 करोड़) और शेल्डन कोट्रेल (8.5 करोड़) शामिल रहे। केएल राहुल की कोशिश टीम को खिताब दिलाने की होगी। आईपीएल ऑक्शन 2020 में टीम ने ऑस्ट्रेलिया के बैटिंग ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को 10.75 करोड़ रुपये में





खरीदा है। वहीं, अनिल कुंबले भी किंग्स इलेवन पंजाब के साथ जुड़ चुके हैं। इस बार दिल्ली की की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है। दिल्ली की टीमम भारत के स्टार खिलाड़ियों से भरी हुई है। दिल्ली की टीम के पास बेहतरीन सलामी जोड़ी, विस्फोटक फिनिशर्स व तेज गेंदबाजों के साथ-साथ बेहतरीन स्पिन गेंदबाज भी शामिल हैं। इस सीजन में स्पिन गेंदबाजों का बोलबाला रहने वाला है, क्योंकि यूएई की पिचों पर स्पिनर्स को काफी मदद मिलती है। इसलिए जिस भी टीम के पास क्वालिटी स्पिनर्स है,उसके लिए ये सीजन वाकई कमाल का होगा।

### संभावित प्लेइंग इलेवन टीम

**दिल्ली कैपिटल्सः** शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, शिमरॉन हेटमायर, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कगीसो रबाडा, ईशांत शर्मा, एनरिक नॉर्टजे।

**किंग्स इलेवन पंजाबः** केएल राहुल, क्रिस गेल, मयंक अग्रवाल, सरफराज खान, निकोलस पूरन, दीपक हुड्डा, कृष्णप्पा गौतम, रवि बिश्नोई, मोहम्मद शमी, शेल्डन कॉन्ट्रेल, हार्डस बिजलोन।

## बायो बबल में रहना कठिन मानते हैं श्रेयस अय्यर

पूर्व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि कोरोना महामारी के कारण सभी खिलाड़ियों को जैव सुरक्षा वाले बायो बबल में रहना पड़ रहा है जो बेहद कठिन है। कोरोना संक्रमण की आशंका से आईपीएल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के कड़े प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है। इसी कारण इस बार आईपीएल मुकाबले दर्शकों के बिना ही खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसपर श्रेयस ने कहा ,जैव सुरक्षा में रहना काफी चुनौतीपूर्ण है पर इसके बाद भी इस स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि मनोरंजन के लिए हम कुछ टीम गतिविधियां भी करते हैं ताकि परिवार से दूर रहने की कमी महसूस नहीं हो। दर्शकों की कमी को लेकर इस बल्लेबाज ने कहा , आईसीसी से स्वीकृत प्रोटोकॉल का पालन तो करना है पर दर्शक हमें ऊर्जा देते हैं।। दिल्ली की टीम नये मालिक, नये कोचिंग स्टाफ और बदलाव के साथ पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रही थी और इस बार भी उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। श्रेयस ने कहा , पिछले सत्र में किसी खिलाड़ी ने किसी बात की शिकायत नहीं की। सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और हम अच्छा प्रदर्शन कर सके। एक परिवार की तरह हम सुख दुख में एकजुट रहे और यही सफलता की वजह भी रही। इस बार दिल्ली ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को शामिल किया है और श्रेयस का मानना है कि इससे टीम को लाभ होगा क्योंकि धीमी पिच पर अश्विन बेहद प्रभावी रहेंगे। उन्होंने कहा ,अश्विन और अजिंक्य रहाणे टीम में लंबा अनुभव लेकर आये हैं। इसके बाद भी अभ्यास के दौरान उन्होंने महसूस नहीं होने दिया कि वे सीनियर हैं बल्कि वे टीम का हिस्सा बन गए और जूनियर खिलाड़ियों को उनसे काफी सीखने को मिल रहा है।



### रबाडा ने कहा जीत के साथ करेंगे आईपीएल सीजन 13 का आगाज

आईपीएल में हिस्सा ले रहे लगभग सभी खिलाड़ी एक बहुत लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट के मैदान में वापसी कर रहे हैं। दुबई के अखबार खलीज टाइम्स ने राबाडा से बातचीत की। दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर रबाडा मार्च के बाद पहली बार मैदान पर होंगे। देल्ही कैपिटल्स की तरफ से तेज गेंदबाजी का मोर्चा संभालने वाले रबाडा ने खलीज टाइम से कहा कि उनके लिए विराट कोहली, गेल और डिविलियर्स सबसे बड़ा चैलेंज होंगे लेकिन वो भी मुकाबले के लिए तैयार हो चुके हैं।

### कहा मैच के लिए रेडी हूं

दक्षिण अफ्रीका से दुबई पहुँच कर छह दिन तक क्वारिन्टाइन रहने के बाद रबाडा ने सात सितंबर को छह महीने बाद दुबई में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन अटेंड किया था। राबाडा ने खलीज टाइम्स से बातचीत में कहा मैं अब पूरी तरह से तैयार महसूस कर रहा हूं, यह आपके मानसिकता पर निर्भर करता है कि आप तैयार महसूस कर रहे हैं या नहीं मैं अब मैच के लिए पूरी तरह से डिसेंट फील कर रहा हूं पिछले साल एक शानदार सीजन खेलकर राबाडा ने देल्ही कैपिटल्स को छह साल में पहली बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## इंग्लैंड के क्रिकेटर डेविड विली कोरोना पॉजिटिव

- 30 वर्षीय ऑलराउंडर की वाइफ भी कोरोना पॉजिटिव
- कहा कोरोना से ज्यादा दुख इस बात का है कि मैं तीन अन्य खिलाड़ियों के संपर्क में आ गया
- डेविड विली समेत मैथ्यू फिशर, टॉम कोहलर और जोश पोयसडेन लीग के आगे के मैच नहीं खेल पाएंगे

नई दिल्ली ■ एजेंसी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर डेविड विली को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। डेविड विली की वाइफ भी कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। गुरुवार को खुद डेविड विली ने इस बात की जानकारी ट्विटर के जरिए दी कि वे और उनकी पत्नी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। डेविड विली मौजूदा समय में इंग्लैंड में खेली जा रही टी20 लीग टी20 ब्लास्ट में खेल रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड विली ने ट्वीट करते हुए लिखा है, सभी तरह के संदेशों के लिए धन्यवाद। मेरी पत्नी और मुझे कोरोना वायरस टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है। बचे हुए मैचों को मिस



करने पर दुख हो रहा है। इससे भी अधिक दुखी करने वाली स्थिति यह है कि मैं 3 अन्य खिलाड़ियों के संपर्क में आ गया (इससे पहले कि हमारे लक्षण थे) था, इसका अर्थ है कि वे जोखिम में हैं और उपलब्ध भी नहीं हैं।

### अबतक का प्रदर्शन शानदार रहा

30 वर्षीय डेविड विली आखिरी बार पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड की टीम के लिए खेले थे। उन्होने अपने करियर में अब तक 49 वनडे और 28 टी20 इंटरनेशनल मैच इंग्लैंड के लिए खेले हैं। वहीं, घरेलू क्रिकेट में उनका करियर लंबा रहा है और वे अब तक 71 फर्स्ट क्लास मैच और 132 लिस्टए ए मैच अलग-अलग टीमों के लिए खेल चुके हैं। विली ने वनडे क्रिकेट में 60 और टी20 क्रिकेट में 34 विकेट चटकाए हैं। इससे पहले यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब ने घोषणा की कि डेविड विली, टॉम कोहलर-कैडमोर, जोश पोयसडेन और मैथ्यू फिशर अपने शेष विटालिटी ब्लास्ट ग्रुप मौचों को मिस करेंगे। काउंटी क्लब ने ट्वीट करते हुए लिखा था, उउउ पुष्टि कर सकता है कि एक कोरोना वायरस टेस्ट के पॉजिटिव प्राप्त होने के बाद मैथ्यू फिशर, टॉम कोहलर-कैडमोर, जोश पोयसडेन और डेविड विली शेष विटालिटी ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

## आईपीएल के इस 13 वें सत्र में कई रिकार्ड टूट सकते हैं

अबु धाबी ■ एजेंसी

टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज क्रिस गेल इस आईपीएल में एक नया कीर्तिमान कायम कर सकते हैं। गेल अगर इस सीजन में 22 छक्के और लगा दें तो वो टी20 क्रिकेट में 1000 छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। क्रिस गेल के फिलहाल 978 छक्के हैं। एक सीजन में 22 छक्के लगाना क्रिस गेल के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। आईपीएल 2020 में महेन्द्र सिंह धोनी के पास भी एक रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस आईपीएल में 4 मैच खेलते ही धोनी इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। रैना ने आईपीएल में 193 मैच खेले हैं। वहीं धोनी 190 आईपीएल मैच खेल चुके हैं। रैना ने निजी कारणों के चलते आईपीएल से नाम वापस ले लिया है। आईपीएल के इस 13वें सत्र में आरसीबी के कप्तान विराट कोहली के पास 9000 टी20 रन बनाने का मौका है। विराट इससे महज 100 रन दूर हैं। इससे पहले दुनिया में केवल 6 बल्लेबाजों ने ये कारनामा किया है। क्रिस गेल, कायरन पोलार्ड, ब्रैंडन मैक्कलम, शोएब मलिक, डेविड वॉर्नर और एरॉन फिंच के नाम 9000 से ज्यादा टी20 रन हैं।

**बदलाव** इस साल देश में जून के महीने में लोगों ने 42,818 करोड़ रुपए की खरीदारी क्रेडिट कार्ड से की

## आरबीआई ने क्रेडिट-डेबिट कार्ड से जुड़े नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बैंकों की शीर्ष नियामक संस्था भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डेबिट और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा परिवर्तन किया है। यह नियम 30 सितंबर से लागू होंगे। अगर आप डेबिट और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो उसमें आने वाली परेशानी से बचने के लिए इन बदलावों के बारे में जानना जरूरी है। ये नियम बहुत पहले लागू होना था लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते इन नियमों को टाल दिया गया। अब इसकी डेडलाइन 30 सितंबर तय कर दी गई है। डेबिट और क्रेडिट कार्ड से किए गए खर्च को लेकर आरबीआई द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल देश में जून के महीने में लोगों ने 42,818 करोड़ रुपए की खरीदारी क्रेडिट कार्ड के जरिए की, जबकि इस साल जनवरी में क्रेडिट कार्ड से 67,000 करोड़ रुपए की शॉपिंग हुई थी। अगर ट्रांजैक्शन के हिसाब से देखें, तो जून के महीने में 12.5 करोड़ बार लेन-देन के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल हुआ, जबकि कोरोना और लॉकडाउन के पहले जनवरी के महीने में 20.3 करोड़ बार क्रेडिट कार्ड का




इस्तेमाल किया गया। वही, अगर डेबिट कार्ड की बात करें तो जनवरी के महीने में 45.8 करोड़ बार डेबिट कार्ड का इस्तेमाल किया गया जबकि जून में 30.2 करोड़ बार डेबिट कार्ड का इस्तेमाल किया गया। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, देश में प्रत्येक 15 डेबिट कार्ड पर एक क्रेडिट कार्ड है।

### ऐसे होगा बदलाव

जानिए किस तरह के नियमों में हो रहा है बदलाव अब आपको इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन, डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, कॉन्टैक्टलेस कार्ड से ट्रांजैक्शन के लिए आपको अपनी प्रायोरिटी (प्राथमिकता) दर्ज करनी होगी। कहने का मतलब ये हुआ कि आपको जो सर्विस चाहिए, उसके लिए आपको अप्लाई करना होगा। आरबीआई ने बैंकों से कहा है कि डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी करते वक्त अब ग्राहकों को घरेलू ट्रांजैक्शन की अनुमति देनी चाहिए। इसका मतलब ये हुआ कि अगर जरूरत नही है तो एटीएम मशीन से पैसे निकालते और पीओएस टर्मिनल पर शॉपिंग के लिए विदेशी ट्रांजैक्शन की मंजूरी नही दी जाए। ग्राहकों को यह सुविधा मुहैया कराई जाए कि वो कभी भी अपने कार्ड पर विदेशी ट्रांजैक्शन की सुविधा ले सकते हैं। अपने कार्ड पर कोई भी सर्विस एक्टिवेट करने या हटाने का अधिकार भी ग्राहक को दिया जाए। यानी ग्राहकों को कौन सी सर्विस एक्टीवेट करनी है और कौन सी सर्विस डीएक्टीवेट करनी है इसका फैसला खुद करें। नए नियमों के बाद ग्राहक दिन में किसी भी वक्त अपने ट्रांजैक्शन की लिमिट को बदल सकते हैं। अब आप मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम मशीन या आईवीआर के जरिए कभी भी अपने कार्ड की लिमिट बदलाव कर सकते हैं।

## उत्तर बंगाल चाय बागान के कामगारों को मिलेगा 20 प्रतिशत बोनस

कोलकाता ■ एजेंसी

भारतीय चाय संघ (आईटीए) के अधिकारी ने कहा कि उत्तर बंगाल के 168 चाय बागानों के कामगारों को पिछले वित्त वर्ष के लिए 20 प्रतिशत बोनस मिलेगा। इसके पहले उन्हें 2018-19 में 18.5 प्रतिशत की दर से बोनस दिया गया था। भारतीय चाय संघ के महासचिव अरिजीत राहा ने कहा कि उत्तर बंगाल के चाय बागान के कामगारों को 20 प्रतिशत बोनस देने का निर्णय लिया गया। हालांकि, दार्जिलिंग चाय उद्योग के कामगारों का बोनस भुगतान अभी तय नहीं हुआ है। राहा ने कहा कि चाय बागान के प्रतिनिधियों ने चाय उद्योग की ट्रेड यूनियनों के साथ



आभासी बैठक की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2020 तक बोनस भुगतान करना होगा और ट्रेड यूनियनें अब किसी अन्य लंबित मुद्दे पर आंदोलन नहीं करने पर सहमत हुए हैं। चालू कैलेंडर वर्ष में फसल कम होने के कारण नीलामी में उत्तरी बंगाल और दार्जिलिंग दोनों के चाय की कीमतें चढ़ गयी हैं।

# थाना माधौगंज के मौची ओली में दिन दहाड़े हुई लूट की घटना का पर्दाफाश





## शातिर लुटेरे को पुलिस ने माल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर पश्चिम/अपराध श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर द्वारा थाना प्रभारी माधौगंज एवं थाना अपराध शाखा को थाना माधौगंज के अपराध क्र- 410/20 के आरोपी को गिरफ्तार कर माल बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था।नगर पुलिस अधीक्षक लश्कर श्री आत्माराम शर्मा के मार्गदर्शन मे की जा रही कार्यवाही के दौरान दिनांक 20.09.20 को थाना प्रभारी माधौगंज निरीक्षक श्री सुधीर सिंह कुशवाह को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना माधोगंज के अपराध क्रमांक 410/20 धारा 394, भादवि, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में संदेही कल्लू उर्फ हरीश बाल्मीकि पुत्र मोहन लाल बाल्मीकि बारदात करने की फिराक मे गुढ़ा बारह बीघा पर घूम रहा है। उक्त सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना माधौगंज एवं अपराध शाखा की संयुक्त टीम बनाकर मुखविर के बताये हुए स्थान पर घेराबंदी की गई, तो मुखविर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगा, जिसे थाना माधोगंज एवं क्राईम टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम कल्लू उर्फ हरीश बाल्मीकि पुत्र मोहन लाल बाल्मीकि उम्र 41 साल निवासी जामदारखाना चितौरा औली का होना बताया तथा दिनांक 15.09.20 को श्रीमती उमा पत्नी स्व. महेश चन्द्र गर्ग निवासी चितौरा औली की ऑखों में मिर्ची झौक कर चेन लूट की घटना को स्वीकार किया।

## पुष्पा के साहस से झरे खुशियों के पुष्प

**ग्वालियर।** पुष्पा न तो पीपीई किट के बारे में जानती थी और न ही यह नाम सुना था। पर जब देश में वैश्विक महामारी कोरोना ने पाँव पसारे तो पुष्पा अपने महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर लोगों की जिंदगी बचाने के लिए उठ खड़ी हुई हैं। पुष्पा ने बड़े पैमाने पर मास्क तो बनाए ही, साथ ही पीपीई किट बनाकर कोविड-19 संक्रमण पर अंकुश लगाने में महती भूमिका निभाई है। कोरोना संकट के समय आत्मनिर्भर बनने की उनकी साहसिक कहानी के चर्चे गाँव की चौपाल पर हो रहे हैं। ग्वालियर जिले के विकासखण्ड डबरा के ग्राम छीमक निवासी श्रीमती पुष्पा कुशवाह राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित रानी लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। पुष्पा बताती हैं कि लॉकडाउन के दौरान जब यह सुनने को मिला कि देश में पीपीई किट व मास्क की कमी है। तब हमने मास्क व पीपीई किट बनाने की ठानी। वे बताती हैं समूह के माध्यम से छोटे-मोटे गारमेन्ट व्यवसाय का काम हम पहले से ही कर रहे थे। कुछ समय पहले हमारे समूह को सामुदायिक निधि के रूप में एक लाख रूपए सामुदायिक निधि मिली थी। हमने समूह से ऋण लेकर पीपीई किट व मास्क बनाने के लिए मटेरियल खरीदा और जुट गए इस नेक कारोबार में । हमारी साख अच्छी थी। इसलिए बैंक ने भी ऋण देने में कोई आना-कानी नहीं की । पुष्पा कहती हैं कि मास्क व पीपीई किट बेचने से हमारी अच्छी खासी आमदनी बढ़ी। हमें आमदनी बढ़ने से ज्यादा खुशी इस बात को लेकर थी कि कोरोना संक्रमण से निपटने में थोड़ा योगदान हमारा भी है। जिस देश में कोरोना संकट से पहले नाम मात्र की पीपीई किट बनती थीं। उसमें हमारे जैसे स्व-सहायता समूह अब हजारों पीपीई किट बना रहे हैं। पुष्पा बताती हैं कि मुझे पूर्व में मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना से 50 हजार रूपए का ऋण मिला था। जिससे हमने सिलाई मशीन खरीदी थी और गाँव के बच्चों के लिये कपड़े सिलकर अपनी आजीविका को आगे बढ़ाया । उससे हुई आमदनी से हमने बैंक का कर्जा भी चुका दिया। फिर जब भी जरूरत पड़ी बैंक से ऋण लेकर अपने कारोबार को आगे बढ़ाया। सरकार की ओर से प्रशिक्षण व अनुदान भी समय-समय पर मिलता रहा। उनका कहना है कि मेरी सफलता से प्रेरित होकर समूह से जुड़ीं मेरी साथी महिला श्रीमती रिंकी ने चाट ठेला, श्रीमती निरमा कुशवाह ने फल ठेला एवं श्रीमती ललिता ने प्लास्टिक एवं किराना की दुकान खोल ली है। ये सभी अब बेहतर ढंग से अपने परिवार का पालन पोषण कर महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रही हैं। पुष्पा अपने घर में खुशियों के पुष्प बिखेरने में तो सफल रही हैं। वे अपने गाँव की महिलाओं के लिये रोल मॉडल भी बन गई हैं।

### ग्वालियर पुलिस ने प्रारंभ किया लड़ेंगे कोरोना से जीतेंगे कोराना से अभियान

# कोविड.19 नियंत्रण मोबाइल को एसपी ग्वालियर ने हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

ग्वालियर। दिनांक 20.09.2020 ग्वालियर जिलें मे बढ़ते कोरोना के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 20.09.2020 के दोपहर 12. 30 बजे पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी भापुसे के र्निदेशन मे यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा ग्वालियर की जनता को कोरोना महामारी से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के लिये लड़ेंगे कोरोना सेदृजीतेंगे कोराना से अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान के तहत आज यातायात पुलिस द्वारा कोराना महामारी से जागरूकता के लिये वाहन रैली निकाल कर पेम्प्टए बैनर और स्लोगन के जरिये ग्वालियरवासियों को मास्क पहनने साबुन व सैनेटाइजर का नियमित इस्तेमाल करने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिये प्रेरित किया। इस अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षकग्वालियर द्वारा कोविड.19 नियंत्रण मोबाइल नामक वाहन को भी अपने कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ग्वालियर पुलिस द्वारा इस प्रकार के कुल 06 वाहन ग्वालियर शहर मे प्रत्येक सीएसपी सर्किल में सुबहएवं शाम के समय पैट्रोलिंग करेंगे। इस वाहन मे पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी भी तैनात किये गये है जो कि प्रतिदिन आमजन को कोरोना महामारी से बचाव के लिये जागरूक करने के साथ.साथ मास्क ना पहनने वालों एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ना करने वालों पर चालानी कार्यवाही भी करेंगे।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री पंकज पाण्डेय प्रशिक्षु आईपीएस श्री मोती.उर.रहमान नगर पुलिस अधीक्षकए महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया उप पुलिस अधीक्षकए यातायात श्री अजय त्रिपाठी श्री नरेश अन्नोटिया श्रीविक्रम कनपुरियाए रक्षित निरीक्षकश्री अरविंद दांगी के साथ ग्वालियर पुलिस के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



## मेडिकल कॉलेज के स्वशासी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी शासकीय कर्मचारियों के समान

**ग्वालियर।** प्रदेश के शासकीय स्वशासी चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के समान ही मेडिकल रीइंबर्समेंट प्रदान किए जाने की स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के लागू हो जाने से शासकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज के स्वशासी संस्था के अधीन नियुक्त हुए 10 हजार से अधिक डॉक्टर एवं कर्मचारी लाभान्वित होंगे ।यह स्वीकृति चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग की पहल पर जारी की गई है। कोविड-19 महामारी में कार्य कर रहे स्वशासी संस्था के अधीन नियुक्त डॉक्टर्स, नर्सिंग पैरामेडिकल, टेक्नीशियन एवं अन्य स्टाफ के लिए 3 हजार प्रति वर्ष के मेडिकल रीइंबर्समेंट का प्रावधान था।

# डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में महिलाओं ने कमलनाथ पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया





**ग्वालियर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ो महिला एवं पुरूश कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं कॉग्रेस प्रदेष अध्यक्ष कमलनाथ पर पुश्पवर्शा कर स्वागत किया एवं कॉग्रेस जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, डॉ. सतीष सिंह सिकरवार जिंदाबाद के नारे लगाये। आज मध्यप्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के ग्वालियर आगमन के दूसरे दिन जब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ग्वालियर व्यापार मेला फैसिलिटेषन सेंटर पार्टी की बैठक में जा रहे थे, तब सैकड़ों महिला एवं पुरूश कार्यकर्ताओं ने डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में आकाषवाणी चौराहा से ग्वालियर व्यापार मेला फैसिलिटेषन सेंटर तक लाईन लगाकर खडी हो गये। जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का काफिला आकाषवाणी चौराहा पहुँचा तो महिला एवं पुरूश कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर पुश्पवर्शा की और कॉग्रेस जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, डॉ. सतीष सिंह सिकरवार जिंदाबाद के नारे लगाना षुरू कर दिये और ये पुश्पवर्शा ग्वालियर व्यापार मेला फैसिलिटेषन सेंटर तक की गई।

# महिलाएं खुद आर्थिक रूप से सशक्त बनें और अपनी बेटियों को आगे बढ़ाएँ : श्रीमती इमरती देवी

**ग्वालियर।** महिलाएँ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर खुद आर्थिक रूप से सशक्त बनें और अपनी बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। जब महिलाएँ आर्थिक गतिविधियों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेंगी तभी आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। इस आशय के विचार महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने व्यक्त किए। श्रीमती इमरती देवी गरीब कल्याण पखवाड़ा के तहत स्व सहायता समूहों को आर्थिक सहायता वितरित करने के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर उन्होंने स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाओं को प्रतीक स्वरूप कैश क्रेडिट लिमिट के रूप में आर्थिक सहायता के चैक सौंपे।

कुल मिलाकर आज जिले के 374 स्व-सहायता समूहों के खातों में कैश क्रेडिट लिमिट के रूप में 3 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि विभिन्न बैंकों के माध्यम से पहुँचाई गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित इन समूहों से जिले की 3 हजार 740 ग्रामीण महिलाएँ जुड़ीं हैं। भोपाल में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित हुए स्व-सहायता समूहों के राज्यव्यापी कार्यक्रम के साथ ग्वालियर जिले में मुख्य कार्यक्रम डबरा के कम्युनिटी हॉल में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। साथ ही यहाँ ग्वालियर स्थित बाल भवन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में खास तौर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाओं ने सहभागिता की। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने डबरा के कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चे की पहली गुरू माँ होती है। इसलिए महिलाएँ अपनी बेटियों को सशक्त बनाएँ। बालिकाओं की झिझक दूर कर उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश सरकार भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी शिद्दत के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा सरकार ने महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए सरकारी नौकरियों के साथ-साथ पंचायतराज संस्थाओं और नगरीय निकायों में पर्याप्त आरक्षण दिया है।



**जिले की दीदियों ने भी सुना मुख्यमंत्री श्री चौहान का संबोधन**–मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित हुए स्व-सहायता समूहों के राज्यव्यापी कार्यक्रम से प्रदेश भर के कार्यक्रमों में मौजूद महिलाओं को वर्चुअल संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर एक क्लिक के जरिए 13 हजार स्व-सहायता समूहों से जुड़ी एक लाख 30 हजार से अधिक महिलाओं के खातों में लगभग 200 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता कैश क्रेडिट लिमिट के रूप में पहुंचाई। डबरा के कम्युनिटी हॉल और ग्वालियर के बालभवन में आयोजित हुए कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं दीदियों (महिलाओं) ने बड़ी एलईडी स्क्रीन से मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम को देखा और सुना भी। इसके अलावा जिले भर में लोगों ने फेसबुक लिंक के जरिए भी इस कार्यक्रम को देखा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्चुअल संवाद कर विभिन्न जिलों में स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाओं की सफलता की दास्तां भी सुनीं और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

**डबरा कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने इन समूह की महिलाओं को सौंपे चैक**–डबरा के कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुए कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने प्रतीक स्वरूप विश्वहरी समूह समूदन, रानी लक्ष्मीबाई समूह छीमक व रानी लक्ष्मीबाई समूह मसूदपुर को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एक करोड़ 53 लाख रूपए का चैक सौंपा। इसी तरह उन्होंने मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक आंतरी की ओर से स्व-सहायता समूह सिद्ध बाबा भैंसनारी, धूमेश्वर विजयपुर व माँ शीतला समूह बरौल को 95 लाख, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से रानी लक्ष्मीबाई समूह जौरासी व कल्याणी तथा बैंक ऑफ इंडिया की ओर से रानी लक्ष्मीबाई समूह लिधौरा से जुड़ीं महिलाओं को एक - एक लाख रूपए के चैक कैश क्रेडिट लिमिट के रूप में प्रतीक स्वरूप सौंपे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**ग्वायिलर के कार्यक्रम में इन समूहों को बटी आर्थिक मदद**–नगर निगम के बाल भवन में आयोजित हुए कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह एवं अन्य अतिथियों ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तुरारी, मोहना व उटीला की ओर से कैलामैया स्व-सहायता समूह अडूपुरा, कृष्णा समूह बंधोली व जय भीम समूह उटीला से जुड़ी महिलाओं को एक करोड़ 53 लाख रूपए का चैक सौंपा । इसी तरह मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से बसैया वाली माता समूह सुनारपुरा तथा शीतला माता समूह उदयपुर व सोनी को 95 लाख, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रतवई, हस्तिनापुर की ओर से आसमानी माता तोर समूह, लोड़ी माता तोर समूह, कारसदेव बाबा बिल्हारा व प्रीतबाबा समूह बिल्हारा एवं बैंक ऑफ इंडिया की ओर से भोले बाबा समूह मांगूपुरा व उत्सव समूह कुलैथ को एक - एक लाख रूपए के चैक प्रतीक स्वरूप सौंपे। ग्वालियर में आयोजित हुए कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर श्री सुशील कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास श्री राजीव सिंह, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी श्री दिनेश शर्मा व श्री न्यायमूर्ति पुरोहित सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### ग्वालियर स्टेशन पर चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत

गौरव शर्मा रिपोर्टर

ग्वालियर स्टेशन कर्मचारी तथा अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार एवं चाइल्डलाइन केयर के कार्यकर्ताओं ने रेल गाड़ियों के सफाई का अभियान चलाया सभी लोगों ने बड़े उत्साह एवं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा रेलगाड़ियों की सफाई की


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478